# गणतंत्र दिवस पर परेड, सांस्कृतिक आयोजन व पुरस्कार समारोह का संगम

## विधानसभा के मुख्य सचेतक गर्ग ने किया ध्वजारोहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में गणतंत्र समारोह पूर्वक मनाया गया। जहां सार्वजनिक स्तर पर परेड, सलामी और सम्मान का दौर चला वहीं स्कूलों में भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले में 76वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रविवार को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसमें राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारम्भ किया। समारोह में मुख्य सचेतक गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया तथा परेड कमाण्डर सीआई करणसिंह के नेतृत्व मे मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य समारोह में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, पूर्व राज्य मंत्री भूपेन्द्र देवासी, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक गर्ग ने गणतंत्र दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्य समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने राज्यपाल का आम जनता के नाम सन्देश का पठन किया। समारोह में क्रीड़ा भारती द्वारा जिला मंत्री भागीरथ गर्ग के निर्देशन में मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया।

### कार्यक्रम में किया सम्मानित

जिले मे 97 उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को भी मुख्य समारोह में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यं म का उत्कृष्ट संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी व निशा एम. कुट्टी ने किया। समारोह में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम, कैलाश विश्नोई व भूपेन्द्र सिंह, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, रवि सोलंकी, रतन सुथार, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, नागरिक एवं महिलाॠं उपस्थत रहे। मुख्य समारोह से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने ध्वजारोहण किया। जबकि उपखण्ड कार्यालय जालोर पर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, तहसील कार्यालय पर जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित सहित समस्त विभागों में ध्वजारोहण किया गया।




### वाद्य यंत्रों एवं गायनशैली का उम्दा प्रदर्शन

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं के दल ने देशभक्ति गायन की आकर्षक प्रस्तुति दी वही जालोर शहर विभिन्न सरकारी विद्यालयों की बालिकाओं ने वाद्य यंत्रों व गायन के साथ राजस्थानी लोक नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति देकर लोगों को ताली बजाने के लिए मजबूर किया। मूकबधिर विद्यालय के छात्रों ने 'नन्हा मुन्ना राही हूं, देश का सिपाही हूं,...'' गायन पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। नेहरू युवा केन्द्र जालोर के लोक कलाकारों द्वारा गैर नृत्य के माध्यम से जालोर की लोक संस्कृति को जीवन्त किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यं मों की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया। समारोह में मार्च पास्ट में एनसीसी, व्यायाम प्रदर्शन में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक जालोर एवं झांकी में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम पायदान पर रहे वही उप विजेता के रूप में मार्च पास्ट में नागरिक सुरक्षा दल, व्यायाम प्रदर्शन में राउमावि शहरी जालोर व झांकी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वितीय स्थान पर रहे।





**सायला।** खेलमैदान में रविवार को उपखण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का एसडीएम सूरजभान बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका अध्यक्ष रजनी कंवर की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। समारोह के तहत सर्वप्रथम एसडीएम बिश्नोई ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के दौरान पुलिस के जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों ने मार्च-पास्ट एवं शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके एसडीएम बिश्नोई ने संबोधित करते हुए नागरिकों को अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करने की बात कही। नगरपालिका अध्यक्ष रजनी कंवर ने भी संबोधित किया। गणतंत्र दिवस पर उपखण्ड मुख्यालय के सभी स्कूलों में मिष्ठान्न एवं पुरस्कार के भामाशाह संघवी मांगीलाल फोलामुथा का मुख्य अतिथि एसडीएम बिश्नोई ने साफा एवं माला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। वही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, भामाशाहों एवं समाजसेवकों को



उपखण्ड प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, भामाशाह संघवी मांगीलाल फोलामुथा, सीबीईओ भंवरलाल परमार, बीसीएमओ डॉ. रघुनंदन बिश्नोई, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, समाजसेवी शम्भूसिंह दहिया, सुपरवाइजर किरण गुर्जर, नोडल प्रधानाचार्य लहरीराम माली मौजूद थे।
उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित राउमावि के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में रविवार दोपहर को शहरी टीम एवं प्रशासन के बीच वॉलीबॉल के मैत्री मैच का आयोजन हुआ। जिसमे रोमांचक मुकाबलों में शहरी टीम ने प्रशासन टीम को 2-0 से हराकर जीत दर्ज की। विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथि भामाशाह संघवी मांगीलाल फोलामुथा के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका आरपी सुरेशचन्द्र बेनीवाल ने निभाई। इस दौरान पुरस्कार के भामाशाह प्रेरक दुर्गसिंह तूरा, एडवोकेट डूंगरसिंह देवडा, शिक्षक मेघसिंह दहिया, महेश शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, रणछोडाराम मेघवाल, धीराराम, शारीरिक शिक्षिका सुरज्ञान कंवर, पटवारी महेन्द्रसिंह चंपावत, दिनेश सिंघारिया, मोटसिंह चौहान, हेड कांस्टेबल कालुराम बिश्नोई, हरिराम चौधरी, कन्हैयालाल जीनगर, महेन्द्र मेवाडा, उतमसिंह बावतरा, नपाराम मेघवाल, अजीज खान समेत कर्मचारी मौजूद थे।



**जीवाणा।** पंचायत स्तरीय गणतंत्र दिवस मनाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा झंडारोहण कर परेड की सलामी ली गई। मुख्य अतिथि ईनयती बानू, अध्यक्षता स्थानीय पीईईओ गजेंद्रसिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बलवंत सिंह, उत्तम सिंह, हाजी लतीब खां मौजूद थे। छात्र- छात्राओं के साथ ग्रामीणों में भी काफी उत्साह नजर आया। परेड के बाद स्थानीय शारीरिक शिक्षक के निर्देशन में सभी विद्यालयों के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक कार्य' म प्रस्तुत किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित पंचायत के केरली नाडी, हयात खां की ढाणी, अकबर खां की ढाणी, राणी भटियाणी, शेखावटी, मदरसा फैजेगौसिया, मदरसा फैजेमुजाहीदिया, विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के स्टाफ पंकज पण्डिया, गुलाम खाँ, आकूब खां, राजाराम, शिव चरण मीना, नवीन , आसुराम, भगवान सिंह, गणपतसिंह, गगन चौधरी, अम्बाराम, जेताराम, जेमाराम, राणाराम सहित पंचायत के सभी विद्यालयों के कर्मचारी, विद्यार्थी मौजूद थे।





**भीनमाल।** गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय शिवराज स्टेडियम प्रांगण में अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी, विधायक डॉ समरजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित, पुलिस निरीक्षक रामेश्वरलाल भाटी, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी, डिस्कॉम सहायक अभियंता भरत देवड़ा व नायब तहसीलदार मीठाराम जोशी की मौजदूगी में हुआ। इस दौरान एडीएम चौधरी द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के बाद परेड की सलामी ली गई। समारोह में नगर की विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट में भाग लिया। जिसमें जीके गोवानी सरकारी कॉलेज ने प्रथम व सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने व्यायाम प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रशासन की टीम विजयी रही। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने पर प्रतिभाओं व कर्मचारियों का अतिथियों द्वारा प्रशंसा पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी राजकुमार जीनगर, व्या2याता हमीरसिंह चारण, डॉ रमेश देवासी, नपा कनिष्ठ अभियंता अतुल तिवारी, भूमि निरीक्षक चंपालाल जीनगर, पटवारी सुंदर विश्नोई व समाजसेवी पारस मोदी सहित बडी सं2या में नगरवासी मौजूद थे। इसी प्रकार राउमाबावि धोराढाल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पारस मोदी, भगवानराम चौहान, भारताराम चौहान, पारसमल परमार, बाबूलाल परमार, पारस प्रजापत, जबराराम चौहान, सैनेट्री एसोसिएशन अध्यक्ष गौतम चौहान, भैराराम चौहान, रामाराम परमार, कृष्ण परमार, विक्रम परमार, विकेश परमार, दीपाराम चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी प्रकार स्वामीनारायण इंटरनेशनल स्कूल में संस्था निदेशक स्वामी दिव्यस्वरूपदास महाराज, प्रिंसिपल सोनू एस राव व संदीप कुमार द्वारा ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी ली ली। इसी प्रकार पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुजांणी में प्रधानाचार्य शांतिलाल जीनगर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसी प्रकार राउमावि खाण्डादेवल में गणपंत्र दिवस समारोह सरपंच चेतनाराम,प्राचार्य धन्नाराम, समाजसेवी हरसनराम पुरोहित, तगाराम पुरोहित, पंचायत समिति सदस्य दरगाराम पुरोहित, पूर्व सरपंच रेखाराम पुरोहित, सरदाराराम पुरोहित, लाखाराम पुरोहित, खेताराम पुरोहित, गवराराम पुरोहित व कृष्ण विलास दास की मौजूदगी में हुआ।

**जसवंतपुरा।** उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय पीएम श्री विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित हुआ। समारोह में उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एसडीएम मीणा ने मार्च-पास्ट का निरीक्षण कर सलामी दी। समारोह को रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने संबोधित किया। समारोह में सराहनीय कार्य करने पर उपखंड प्रशासन की ओर से 36 जनों को सम्मानित किया गया। मंच संचालक व्याख्याता दिनेश विश्नोई ने किया। कार्यं म में प्रधान विमला चौहान, सरपंच चम्पा देवी प्रजापत, विकास अधिकारी पृथ्वी सिंह, सीबीईओ त्रिकमाराम देवासी, थाना प्रभारी गुमानसिंह भाटी, प्राचार्य विं म सिंह चारण, बीसीएमओ डॉ प्रशांत सैन, महात्मा गांधी विद्यालय के प्राचार्य छैल सिंह देवल, कुलदीप सिंह चारण, समाज सेवी परखाराम चौहान, तिलोकचंद सुथार, बाबूभाई पुरोहित, मोडाराम प्रजापत, फूलचंद खंडेलवाल, भाजपा नेता भगवान सिंह चेकला, पुष्कर पुरोहित, राम सिंह धरूपड़ा, गोविंद मेघवाल, जोराराम देवासी आंबतरी आदि मंचासीन मौजूद थे। समारोह में सरकारी व निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बच्चों ने प्रस्तुतियों से देशभक्ति का संदेश दिया। छात्र छात्राओं ने एकल गीत, सामूहिक नृत्य, नुक्कड़ नाटक व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।





**रामसीन।** सुपार्श्वनाथ राउमावि रामसीन के खेल मैदान में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस राष्ट्र पर्व समारोह के मुख्यअतिथि उपतहसीलदार रूपाराम सोलंकी, अध्यक्षता प्रधानाचार्य जबरसिंह देवड़ा व विशिष्ट अतिथि के रूप में रामसीन थाना प्रभारी तेजु सिंह व मिष्ठान भामाशाह संजय खोखर उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, व्यायाम प्रदर्शन तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यं म प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई, केशवराम पुरोहित, मगनलाल नामा, भोलाराम देवासी, हस्तु जीनगर, सोनू सांखला एवम उप तहसील क्षेत्र के सरकारी एवम गैर सरकारी स्टॉफउपस्थित थे। समारोह में मंच का संचालन डूंगरसिंह मांडोली एवम रणजीत कुमार ने किया। इसी क्रम में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक रामसीन में मुख्य अतिथि शांतिलाल सुथार, अध्यक्षता अर्जुनसिंह पुत्र बलवंत सिंह हुबड परमार, विशिष्ट अतिथि दीपककुमार पुत्र मुरलीधर भट्ट तथा अर्जुन देवासी कचनाराम देवासी, थानाधिकारी तेजू सिंह थे। भरत कुमार वैष्णव ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय विकास के योगदान में सहयोग करने वाले भामाशाहों की धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उपेक्षित शिक्षाए सेवा निधि के लिए एक लाख से अधिक रुपए एकत्रित करने पर विद्यार्थियों और अभिभावक ग्रामीणों का आभार प्रकट किया। आज के कार्यक्रम में शांतिलाल सुथार की ओर से एक लाख ग्यारह हजार की सहयोग राशि तथा भामाशाह अर्जुन सिंह बलवंतसिंह परमार द्वारा एक लाख रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई। तथा अर्जुन देवासी की ओर से नवीन कॉल में समस्त पंखे लगाए गए। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी व स्टाफउपस्थित थे। जय भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरस्वती को दीप प्रज्जवलित के साथ पुष्प अर्जित कर विद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह स्वामी व मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह राठौड़ एवं प्रधानाचार्य वीसाराम डांगी की ओर से ध्वजारोहण किया गया। इसी तरह सिकवाड़ा चांदना, तातोल, वाडकागोगा, गोला, बुगांव, चांदूर, कोलर, नई आंबातरी, बेतरना, बिठन, पूनक, भूतवास, मांडोली में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।



**बड़गांव।** कस्बे में स्थित आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में रविवार को गणतंत्र दिवस एवं वार्षिकोत्सव उपसरपंच इश्वाकू देव देवड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य कैलाशदान चारण की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य समारोह विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि द्धारा झण्डा फहराया गया एवं मार्चपास्ट की सलामी ली गई। इस अवसर पर देवड़ा ने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए बालिकाओं को अधिक से अधिक विद्यालय से जोडने का आह्वन किया।

**मुडतरा सिली।** गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय की बालिकाओं ने विद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्वागत किया । मंच पर संस्था प्रधान द्वारा भामाशाहों,सरपंच ,एवम अन्य अतिथियों का स्वागत एव अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि एवम सरपंच ओमकार दास वैष्णव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। विद्यालय स्काउट बिग्रेड, चारों सदन ब्लू, ग्रीन, रेड एवं येलों के हाउस केप्टनों ने स्कूल बेंड के साथ मार्च पास्ट करते मुख्य अतिथि को



सलामी दी। विद्यार्थियों द्वारा प्रेड प्रदर्शन,व्यायाम प्रदर्शन,सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मंच का संचालन बाबूलाल बौसीर किया। इस दौरान विद्यालय के स्टाफ एवं रामसीन थाने के कांस्टेबल मफतलाल सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

# आन बान और शान से लहराया तिरंगा, राज्यमंत्री देवासी ने किया ध्वजारोहण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामयी रूप से मनाया गया। जिला एवं उपखण्ड मुख्यालय पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कई कार्यक्रम हुए। जिलास्तरीय समारोह में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। राज्य मंत्री देवासी ने बजट घोषणाओं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए देश के वीर शहीदों को श्रद्धा के साथ नमन किया। एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा व्यायाम प्रदर्शन किया गया। छात्राओं द्वारा लोक गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मार्च पास्ट में सीनियर डिवीजन एनसीसी पीजी कॉलेज सिरोही, एनसीसी महिला पीजी कॉलेज सिरोही तथा अजित विद्या मंदिर स्कूल। व्यायाम में महात्मा गांधी पुराना भवन, बाल मंदिर तथा इम्मानुअल स्कूल इसी प्रकार झांकियों में परिवहन विभाग, कृषि विस्तार तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की झांकी क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रही। सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, डीसीएफ कस्तुरी प्रशांत सुले, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचन्द अग्रवाल, प्रधान हंसमुख कुमार, जिला परिषद सदस्य दलीपसिंह मांडाणी, पूर्व सभापति ताराराम माली, गोपाल माली, चिराग रावल, अरूण ओझा, जिला परिषद/ नगर परिषद सदस्य गण समेत अन्य जन प्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। समारोह में मंच संचालन राजेश बारबर, राकेश पुरोहित व प्रतिभा आर्य द्वारा किया गया। इसस पहले जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने जिला कलक्टर ने निवास व कार्यालय पर ध्वज फहराया।





## भाजपा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 76वां गणतंत्र दिवस





भाजपा की ओर से 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने जन सेवा केंद्र पर ध्वजारोहण किया। राज्यमंत्री देवासी एवं सांसद चौधरी ने सभी को को मिठाइयां खिलाकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ताराराम माली, नारायण देवासी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भूबाराम माली, मंडल अध्यक्ष चिराग रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल चारण, महेंद्र माली, मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल माली, महामंत्री रामलाल मेघवाल, राजेंद्रसिंह चौहान, गोविंद सैनी, निक्कू देवड़ा, अनिल प्रजापत, गीता पुरोहित, प्रवीण राठौर आदि मौजूद थे। उधर, अग्रसेन दिव्यांग सेवा संस्थान में संस्थान के मुख्य ट्रस्टी अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के नरेन्द्र कुमार जैन, अध्यक्ष बाल संरक्षण समिति सिरोही रतन बाफना, सदस्य शशिकला मरडिया, पूर्व आयुर्वेद उप निदेषक हरिश सुथार, संजय अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। स्वामीनारायण संस्थान के ट्रस्टी हीरा भाई ने बालकों के उत्साह को देखकर संस्थान के सेवा कार्य की सराहना की। व बालकों को मिष्ठान वितरित किया। महेश शर्मा ने पुरस्कार वितरित किए। यह जानकारी प्रबन्धक सुनिल कुमार गुप्ता ने दी।











बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला संयोजक एडवोकेट सुंदरलाल मौसलपुरिया के अनुसार गणतंत्र दिवस पर एडीएम डॉ दिनेशराय सापेला, एएसपी पीडी धानिया, प्रधान हंसमुख मेघवाल, नायब तहसीलदार मोहनलाल डांगी आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत तोलाराम फाचरिया ने किया। प्रधान ने समाज को शिक्षित होने और संगठित होने की बात कही, शिक्षा के बिना समाज का उत्थान नहीं होगा। एएसपी धानिया ने शिक्षा पर अधिक जोर देने की बात कही और संगठित होकर सामाजिक उत्थान की बात बोली। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश राय सपोला ने विषय पर फोकस किया। मंच संचालन डॉ विजय कुमार, सुरेश कुमार नोगिया, कपड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष माधोसिंह देवड़ा, बामसेफ जिलाध्यक्ष संजय कुमार, मनोज चौहान, राजेश सागर आदि मौजूद थे।

## 101 वर्षीय दादी रतनमोहिनी ने फहराया तिरंगा



**आबूरोड के** शांतिवन में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। शांतिवन के गार्ड ने मार्च पास्ट किया। समारोह में अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा, संचालन बीके सुधीर, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके गीता, बीके लीला, मीडिया विंग के उपाध्यक्ष बीके आत्म प्रकाश, आवास-निवास के प्रभारी बीके देव, बीके प्रकाश मौजूद

**सिलदर।** श्रीमती नाजुबाई खुमाजी संघवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। संरपच जसी देवी देवासी, भामाशाह दलपत भाई पुरोहित, हिरेंद्रपालसिंह देवड़ा, गोमाराम देवासी, संस्था प्रधान भवानीसिंह राठौड़, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्रसिंह चारण, भामाशाह प्रेरक बाबूलाल पुरोहित ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। विद्यार्थी प्रदीप, सूरज, यश, दिनेश एवं श्रवण का सम्मान किया। प्रधानाचार्य चारण,,गोमाराम देवासी, रमेश मेघवाल, गोविंदसिंह राजपुरोहित, अध्यापक शांतिलाल पुरोहित, वीराराम मेघवाल ने सम्बोधित किया। दलपत भाई पुरोहित का विशेष सहयोग रहा।





**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विवि के चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने ध्वजारोहण किया। डॉ. राजकुमार ने देश की सामाजिक और शैक्षिक प्रगति के लिए उच्च शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने विशेष प्रस्तुतियां दी। विवि के चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, होम्योपैथिक विभाग निदेशक डॉ. भारती देसाई, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह परमार, चीफ स्टेट ऑफिसर महेंद्रसिंह गुर्जर, आदि मौजूद थे।







**मंडार।** कस्बे समेत आस-पास में रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच परबतसिंह देवड़ा, । विशिष्ट अतिथि थानाराम पुरोहित ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उपतहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार जब्बरसिंह देवड़ा, पुलिस थाना मंडार में थानाप्रभारी रविन्द्रपालसिंह राजपुरोहित, ग्राम पंचायत में संरपच परबतसिंह देवड़ा, ग्राम पंचायत सोरड़ा में सरपंच लेहराराम भाट, ग्राम पंचायत जेतावाडा में सरपंच शांतिलाल भाट, ग्राम पंचायत बांट में सरपंच संगीता देवी भाट, ग्राम पंचायत पीथापुरा में सरपंच मशरू देवी कोली, ग्राम पंचायत रायपुर में सरपंच छगनलाल कोली, ग्राम पंचायत सोनेला में सरपंच पिराराम मेघवाल, ग्राम पंचायत मगरीवाडा में सरपंच कांतिलाल राणा, ग्राम पंचायत वरमाण पोसू देवी चौधरी, ग्राम पंचायत रोहुआ में सरपंच एवन कंवर देवल, ग्राम पंचायत गुंडवाड़ा सरपंच वगताराम चौधरी, ग्राम पंचायत पादर सरपंच मरगी देवी,ग्राम पंचायत भटाना सरपंच भवानीसिंह देवड़ा ने ध्वजारोहण किया।



गोयली। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरपंच राजु कंवर ध्वजारोहण किया। उन्होंने विद्यालय के समस्त परेड कमांडर के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट की सलामी सरपंच राजु कंवर राज्य एवं जिलास्तर पर बोर्ड में अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कार देने की घोषणा की। प्रधानाचार्य उम्मेदसिंह दियोल, समाजसेवी नाथूसिंह सोलंकी, उपप्रधानाचार्य दयाराम प्रजापति, भंवरलाल माली, उपसरपंच राजेन्द्र सेन के साथ कई ग्रामवासी मौजूद थे।



**जेके पुरम।** आदर्श के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सरपंच गुडिया ने ध्वजारोहण किया। पुरस्कार कैलाश वैष्णव तथा मिष्टान भरत रावल की ओर से बांटे गए। संस्था प्रधान विजय प्रकाश गौतम, प्रतापसिंह देवड़ा, भोपालसिंह देवड़ा, नारायणलाल राजपुरोहित, प्रवीण रावल, राजेन्द्र पुरोहित, प्रतापराम पुरोहित, पुखराज रावल, कालूराम रावल, तलसाराम मीणा और दीपक पुरोहित आदि मौजूद थे।



**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंचायत स्तरीय 76वां गणतंत्र दिवस पर सरपंच महिपालसिंह देवड़ा, भामाशाह ईश्वरसिंह, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, उप सरपंच प्रवीण माली, एसडीएमसी सदस्य मोतीलाल पुरोहित ने ध्वजारोहण किया। यह जानकारी पीइओ अमृतलाल माली ने दी। उपाचार्य उमेश कुमार, व्याख्याता दुर्गाराम, नरेश कुमार, केवलराम, सोहनलाल, किशन कुमार, श्रवण कुमार, जितेंद कुमार, बाबूलाल, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, छगनलाल कुंडला, तेजराजसिंह, गजेन्द्र सोलंकी, मुकेश कुमावत, गिरिराजसिंह, लता दिया, ऊकाराम, नरेश खत्री, सनत आढा एवं जतिन राठौड़ मौजूद थे। उधर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (मेघवाल बस्ती) गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया। एसएमसी उपाध्यक्ष नटवरसिंह, संस्था प्रधान राधेश्याम यादव, शारीरिक शिक्षक ओटाराम माली, विवेक सोलंकी, एसएमसी अध्यक्ष पोसाराम देवासी, अध्यापक सरफराज अव्वल, नरपतसिंह, धर्म प्रकाश त्यागी, महेंद्र कुमार, गंगाराम, अध्यापिका पुष्पा कुमारी, माया कमारी, प्रेमलता शर्मा, छगनलाल उपस्थित रहे। महावीर राजकीय बालिका स्कूल, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हस्तिनापुर, गुआरीआवास स्कूल, प्रयागराज स्कूल में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया।







**आबूरोड।** क्षेत्र में 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया। गणतंत्र पर्व पर दरबार स्कूल में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 52 लोगों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक ने ध्वजारोहण किया। आरपीएफ व जीआरपी द्वारा सलामी दी गई। गांधीनगर, वैदिक कन्या विद्यालय, दयानंद पैरेडाइज स्कूल, अर्बुद स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, किड्स होम, चिड़ियाघर स्कूल, गिरवर माध्यमिक विद्यालय, आकराभट्टा स्कूल, मानपुर स्कूल, चंडेला की तेलपुरफली राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बस स्टैण्ड पर प्रबंधक, डीजल शेड में सीनियर डीएमई, पालिका में पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, एसडीएम कार्यालय में एसडीएम मंछाराम मीणा, न्यायालय परिसर में न्यायाधीश, यूआईटी, राजकीय चिकित्सालय में ध्वजारोहण किया गया। रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने तिरंगे को सलामी दी। मनीष कुमार, श्रीमती भावनासिंह, संजय शर्मा, विमलसिंह राठौड, मोहनलाल गहलोत, अनिल संगतानी, राजेश परिहार, मनीषा वर्मा, गोविंद मारू को सम्मानित किया गया। जेडआरयूसीसी सदस्य, रेलवे पैसेंजर एसोसिएशन के सदस्य आदि मौजूद थे। कांग्रेस नगर कार्यालय पर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अमित जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान ने ध्वजारोहण किया। उधर, नगर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष नरगिस कायमखानी,



ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा, नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार ने ध्वाजारोहण किया। सियावा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मुख्य ट्रस्टी हरीश गुप्ता, प्राचार्या डॉ. अलका जैन ने शुभकामनाएं दी। रॉयल राजस्थान पब्लिक स्कूल ने 76वें गणतंत्र दिवस देशभक्ति के साथ मनाया। प्रधानाचार्य जनक प्रतापसिंह राठौड़ एवं चेयरमैन दीपक पाठक ने सम्बोधित किया। सेंट जॉन्स स्कूल में प्राचार्या श्रीमती उमा श्याम ने तिरंगा फहराया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। साई बाबा पब्लिक स्कूल में में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी तंवर ने गणतंत्र पर्व की शुभकामनाएं दी।

# अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की समकालीन कला साधना को किया प्रदर्शित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** अंदौर के फार्म स्टूडियो और हिंज आर्ट्स स्पेस के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की समकालीन कला साधना को सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किया गया। संस्थान के संस्थापक वागाराम चौधरी और मोनिक रोमिको के विशेष प्रयासों से अंदौर गांव को समकालीन कलाकारों के गांव के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने मे प्रयासरत है। इस कला प्रदर्शनी नौ कलाकारों ने भाग लिया। आयरलैंड की कलाकार मार्टिना कोयल ने गांव के आस-पास के स्थानीय परिदृश्य और सांस्कृतिक परंपराओं पर शोध किया है। अमेरिकन की जूडी सांचेज ने भारत के रंग और स्वादों से प्रेरित होकर, हल्दी के उपयोग को छायाचित्रों के नए प्रयोग के रूप में उपयोग किया है। नीडरलैड की मिरेइल शेरमर नेलिस राजस्थान की ग्रामीण वास्तुकला और संस्कृति से प्रेरित होकर एक विशाल भित्ति चित्र तैयार किया है। जो राजस्थान की गाय के गोबर से लीपे गए घरों और आंगनों के पारंपरिक तकनीक से प्रभावित किया हैं। ब्रिटिश की कलाकार जैड दिल डौगॅन ने गांव की स्थानीय संस्कृति, रंग, परिदृश्य व ग्रामीण जीवन की झलकियां से प्रेरित होकर अपनी कला और कविता प्रॅ या का हिस्सा बनाया है। चेक गणराज्य की ईवा सुहाजेक विभिन्न कला के माध्यमों से काम करती हैं और बड़े पैमाने पर चित्रकारी/वस्त्र स्थापनाएँ बनाने के लिए रंगों, पैटर्न और रूपों का किया है। नैदरलैड के कॉर ने रोजमर्रा के अनमोल पलों से मोहित होकरउसे छायाचित्रो के रूप जाना है। यूके की ऐलेक्सी मार्शल भित्ति चित्र कलाकार एक विशेष भित्ति चित्र तैयार किया है। जो भारतीय पारंपरिक लघु चित्रों (मारवाड लघु चित्र शैली ) से प्रेरित होकर किया है। फिनलैंड की कलाकार इडा केस्किनेन ने अन्दौर के मंदिरों की प्रतीकात्मकता जोड़ कर टैरो-कार्ड की पारंपरिक प्रतीकात्मकता जोड कर मिश्रित तैल चित्र बनाए। चैक गणराज्य के ह्यूगो मारेक एक बहु-विषयक कलाकार ने राजस्थान की संस्कृति के कई समृद्ध धोरो, कपड़ों और वास्तुकला से लेकर संगीत और जीवन शैली जबुलिंग के सांस्कृतिक तत्वों को विकसित करने का प्रयास किया है।



## वार्षिकोत्सव में झलका उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** कोलर स्थित देवनारायण राउमाबाआवि का वार्षिकोत्सव राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य व सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मंडवारिया मंहत तीर्थगिरी, जेतेश्वर धाम के महंत पारसराम, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, भूपेन्द्र देवासी, उपखंड अधिकारी शिवगंज नीरज मिश्र, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र पुरोहित, पालडी एम सरपंच हेमलता माली, उप सरपंच संतोष देवासी, पीईईओ बाबूलाल एवं भामाशाह मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं टेबलेट वितरण किया गया।राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने विज्ञान संकाय व एनसीसी स्वीकृत करने के लिए आश्वासन दिया। सांसद लुम्बाराम चौधरी द्वारा विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने व जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित द्वारा हाइवे पर प्रार्थनीय बस स्टैंड के लिए प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा की गई। लक्ष्मणसिंह पुरोहित, नरेश कुमार, हर्ष चम्पावत, कालूराम देवासी, कार्तिकेय शर्मा, किशन देवासी, प्रवीण जीनगर, गणपत देवासी, विक्रम कुमार, मनाली चौहान, कोमल प्रजापत, बिन्दु रावल, ममता कुमारी, सोनाली फाल्के, कैलाश कुमार, धनसिंह, सुरेश कुमार, नवर|सिंह, कांतिलाल सहित मौजूद थे। मंच संचालन कार्तिकेय शर्मा ने किया आभार नरेश कुमार ने ज्ञापित किया।

## राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में जीवन कौशल विकास कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला बाल संरक्षण इकाई सिरोही के सहायक निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित के मार्गदर्शन में संचालित राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह सिरोही में नव वर्ष की शुरुआत के साथ विधि से संघर्षरत बालकों के लिए नवाचार कार्य म आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बालकों को नई शिक्षा, व्यावहारिक ज्ञान और जीवन कौशल प्रदान कर उनके जीवन को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। गृह के अधीक्षक भंवरसिंह परमार के नेतृत्व में इन गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। बालकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के लिए हर सुबह गार्ड सुरेश देवासी द्वारा योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। योग प्रशिक्षक गणपतसिंह देवडा एवं भीखसिंह द्वारा बालकों में योग से अनुशासन, ध्यान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में बालकों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान समय में बढ़ते साइबर क्रइम के विष्य में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। चौकीदार गजेन्द्रसिंह द्वारा बालकों को कुर्सी कैनिंग का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण रोजगार के नए अवसरों की ओर बालकों को प्रेरित करने के लिए एक सराहनीय पहल है। सेन्टर फॉर माइक्रोफाइनेंस सिरोही की सहायता से बालकों के लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री दी जा रही है।

## डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों को शुरु करवाने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला कांग्रेस कमेटी राजसमंद द्वारा जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ एवं पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी के नेतृत्व में जिला कलक्टर को डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों को शुरु करवाने की मांग की। जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ ने कहा की पूर्व में डीएमएफटी की गवर्निंग कौंसिल में स्वीकृत विकास कार्यों जिनकी प्रशासनिक स्वीकृति के बाद वित्तीय स्वीकृति भी जारी हो गई थी। जिनकी निविदा विभाग द्वारा जारी करने के बाद निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर करके कार्य आदेश भी जारी किया था। उन विकास कार्यों को वर्तमान में बिना किसी औचित्त के रोक दिया गया है। जो आमजन के हित में नहीं है। विकास कार्य आमजन के हितार्थ होते है। सरकार बदलने के कारण पूर्व में स्वीकृत कार्यों को बंद करना अनुचित एवं क्षेत्रवासीयो के साथ अन्याय है। पीसीसी सदस्य शांतिलाल कोठारी, प्रधान आदित्यप्रतापसिंह, महामंत्री गोविंद सनाढ्य, जिला प्रवक्ता कुलदीप शर्मा, बहादुरसिंह चारण, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, राजेश गुर्जर, पार्षद मांगीलाल टॉक, उपाध्यक्ष नानालाल शार्दुल, देवनारायण खटीक आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## गांजा मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने बाइक पर अवैध रुप से गांजा परिवहन करने के मामले में फरार चल रहे बाइक मालिक को गिरफ्तार किया। रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत के अनुसार थानास्तर पर गठित टीम ने बाइक पर गांजा परिवहन करने के मामले में तीन माह से फरार बाइक मालिक गुजरात के साबरकांठा के पोसिना थाने के घनसाली निवासी लक्ष्मण भाई पुत्र लेबाभाई बुबडिया गमेती भील को गिरफ्तार किया

## ट्रेन में बिना टिकट मिला बांग्लादेशी यात्री

- डिप्टी सीटीआई की सजगता से आया पकड़ में
- यात्री के पासपोर्ट का वीजा हो गया एक्सपायर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस में बिना टिकट यात्रा करते एक बांग्लादेशी युवक जनरल कोच से धरा गया। सामान्य कोच में यात्रा कर रहे युवक का वीजा एक्सपायर हो चुका था। डिप्टी सीटीआई की सजगता से बांग्लादेशी युवक पकड़ में आया। युवक को अजमेर जीआरपी को सौंप दिया गया। आबूरोड के डिप्टी सीटीआई विकास मोरवाल 14 दिसंबर 2024 को साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस के आरक्षित कोच में ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने अपने कोच को चेक किया। फालना स्टेशन के बाद वह उनके साथी बुद्धराज जैन व सतीश मीणा सामान्य कोच चैक करने गए। चेकिंग के दौरान सामान्य कोच में एक यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पाया गया। जिसने अपने आपको मथुरा जं जाना बताया। यात्री को जुर्माने की राशि बताई गई। लेकिन, यात्री ने उसके पास पैसा नहीं होना बताया। यात्री से पहचान-पत्र मांगने पर उसके पास पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश का पासपोर्ट पाया गया। जिसमें यात्री का नाम दास गुप्ता बिश्मॉय पाया गया। पासपोर्ट में वीजा संख्या अंकित पाया गया। जिसकी समाप्ति 5 जून 2024 अंकित मिली। डिप्टी सीटीआई ने उच्चाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी। ट्रेन के अजमेर पहुंचने पर बांग्लादेशी यात्री को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया।

## कवि सम्मेलन में झूमे श्रोता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण व अधिशाषी अधिकारी दीपिका वीरवाल द्वारा शहर में पहली बार गणतंत्र दिवस की शाम पालिका चौराहा पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। पार्षदों द्वारा सभी कवियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उज्जैन के कवि अशोक भाटी, दिल्ली की नमिता नमन, मंदसौर के मुन्ना बेटरी, यूपी के मैनपुरी के मनोज चौहान, दिल्ली के बेबाक जौनपुरी, इटावा के राम भदावर, नैनीताल के गौरी मिश्रा, शेखावटी के विवेक पारीक, कोटा के राजेश लोट, इंदौर के प्रद्युम शर्मा व खुश्बू प्रिया ने हास्य, देशभक्ति, नौक-झोक आदि कविताओं से शहरवासियों को विभिन्न रसों से सरोबार कर दिया। पालिका द्वारा सर्दी के मौसम के चलते जगह गर्म हीटर, चाय-कॉफी, दूध व नाश्ते की व्यवस्था की गई।

## तीन घंटे गुल रहेगी बिजली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** बिजली उपकरणों के चलते मंगलवार को गांधीनगर जीएसएस से जुड़े क्षेत्र में तीन घंटे बिजली गुल रहेगी। डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता के अनुसार मंगलवार को मेनटेनेन्स के लिए गांधीनगर जीएसएस की सप्लाई सुबह 8 से 11 बजे तक बंद रहेगी। जिसमे गांधीनगर जीएसएस के अधीन समस्त फीडर आबूरोड सिटी, गांधीनगर, डीजल शेड व लुनियापुरा फीडर से सम्बंधित सम्पूर्ण क्षेत्र बंद रहेगा।

## स्पॉ सेंटर से 11 युवतियां व चार युवक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सदर पुलिस में रविवार को तलहटी क्षेत्र में तीन स्पॉ सेंटर पर कार्रवाई कर 11 युवतियों व चार युवकों को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार तलहटी क्षेत्र के स्पॉ सेंटरों में देह व्यापार की सूचनाएं मिल रही थी। जिसके चलते मुकरी माता मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने स्थित दो व न्यायालय के सामने स्थित एक स्पॉ सेंटर पर कार्रवाई की गई। तीनों स्पॉ सेंटर से 11 युवतियां व चार युवकों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। अधिकांश युवतियां अन्य प्रदेशों की है। पुलिस ने सभी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस की कार्रवाई से स्पॉ संचालकों में हड़कंप मच गया। क्षेत्र में स्पॉ सेंटर की आड़ में देह व्यापार की सूचनाएं पुलिस को मिल रही थी। पूर्व में भी पुलिस ने स्पॉ सेंटर पर कार्रवाई को अंजाम दिया था।

## यूडीआइडी कार्ड के लिए आवेदन शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी (यूनीक डिसएबिलिटी आईडी) कार्ड के लिए डिजिटल प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन दिव्यांगजनों के पास अभी तक प्रमाण पत्र नहीं है, या जिनके प्रमाण पत्र ऑफलाइन बने हुए हैं। वे इस प्रक्रिया का हिस्सा बनकर इसका लाभ उठा सकते हैं। यह कदम सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को डिजिटल और समावेशी पहचान देने के उद्देश्य से उठाया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार पुरोहित ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी ब्लॉक में विशेष चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में दिव्यांगजनों की जांच और प्रमाणन का कार्य किया जाएगा। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और सक्षम चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांगता का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके आधार पर डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इन प्रमाण पत्रों का उपयोग सरकारी योजनाओं, सेवाओं और लाभों के लिए मान्य होगा।

## 182 लोगों ने किया रक्तदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी व गणतंत्र दिवस पर मुस्लिम वक्फ कमेटी व मुस्लिम यूथ कमेटी के तत्वावधान में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। 182 रक्तदाताओ ने किया रक्तदान। 23 विवाहित जोड़ों व 30 युवक-युवतियों ने पहली बार रक्तदान किया। मुस्लिम यूथ की महिलाओं, इन्हरव्हील क्लब, अग्रवाल महिला मण्डल आदि ने रक्तदान के लिए जागरूक किया। जिससे 30 युवक युवतियो ने प्रथम बार अपना रक्तदान किया। विधायक मोतीराम कोली, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, कांग्रेस नगरध्यक्ष नरगीस कायमखानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, पार्षद शमशाद अली अब्बासी ने हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर सदर हाजी सलीम खान, लईक अहमद, डॉ. शेर मोहम्मद, हाजी जहुर खान, हाजी आबिद अली, एडवोकेट रईस कुरैशी, इब्राहिम मनिहार, फकरूददीन, एडवोकेट सोहेल खान पठान, शमशाद अजी अब्बासी, मोईनुददीन मोयल, नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार, रोटरी क्लब के राजेन्द्र बाकलीवाल, अग्रवाल महिला मण्डल अध्यक्षा सरोज गर्ग, सामूहिक व्यापार संगठन अध्यक्ष सुकेश गोयल, सागरमल अग्रवाल, महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष संपत मेवाड़ा, मोहित शर्मा, दिपेश मरडिया आदि मौजूद थे।



## पृष्ठ 1 का शेष....76वां गणतंत्र दिवस समारोह....

**पुतिन ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं**-रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन समेत दुनियाभर के तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामना दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी को भेजे अपने संदेश में पुतिन ने कहा कि कृपया गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई स्वीकार करें। आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां व्यापक रूप से जानी जाती हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों का समाधान निकालने में अहम योगदान दे रहा है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दी शुभकामनाएं**-अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका की ओर से मैं भारत के लोगों को गणतंत्र दिवस पर बधाई देता हूं। दोनों देशों की जनता के बीच स्थायी मित्रता हमारे सहयोग का आधार है और यह हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हम आने वाले वर्षों में अपने सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मोदी को गणतंत्र दिवस पर बधाई दी और कामना की कि लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के आदर्श हमेशा फलते-फूलते रहे, ताकि दोनों देशों के बीच दोस्ती प्रगाढ़ हो।

**मोहम्मद मुइज्जू ने भी बधाई संदेश दिया**-मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हमेशा भारत के साथ दोस्ती और सहयोग के मजबूत बंधन को संजोकर रखेगा, जो आपसी विश्वास, सम्मान और समझ पर आधारित है और समय की कसौटी पर खरा उतरा है। इसके जवाब में मोदी ने मुइज्जू से कहा कि वह मालदीव के साथ दोस्ती और सहयोग को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


**NAME CHANGE**

I **Santosh kumar Trivedi s/o Hanjari malji Trivedi** have changed my old name **Santosh kumar s/o Hanjari malji** in future, I may be Known as My New name **Santosh Kumar Trivedi s/o Hanjari malji Trivedi,** Vpo Sheoganj, Tehsil Sheoganj, Dist. Sirohi (Raj.)

**आम सूचना**

यह कि मेरे व्यवहारी Finova Capital Pvt. Ltd., Dist. Sirohi से श्री रफी पिता श्री नजीरखांन मुसलमान निवासी- मुस्लिम मोहल्ला, भावरी, सरूपगंज, तहसील पिण्डवाडा, जिला सिरोही (राज.) यह कि उक्त भुखण्ड संख्या 56 एवं उत्तरी जुज भाग भुखण्ड संख्या 55 जो कि मौजा ग्राम पुरानी भावरी, जिला सिरोही (राज.) के खसरा संख्या 1142/1 में स्थित है जिसके भुखण्ड का कुल कुलिया क्षेत्रफल 648 वर्गफिट मय निर्मित मकान को Finova Capital Pvt. Ltd, Dist. Sirohi में बंधक रखकर ऋण सुविधा प्राप्त करना चाहते है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.08.2013 के रजिस्टर्ड क्रम संख्या -2013001829 को श्री लक्ष्मणदास जटिया जरिये सर्वाधिकार पत्र श्री मोहनलाल मोची एवं श्रीमति गीता देवी मोची से श्रीमति रमीनबानु पत्नी मुबारकं ने उक्त सम्पत्ति को क्रय किया जिसकी यह असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कही गुम हो गया है। उक्त गुम हुए असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कि मुतलिक Online प्रथम सूचना गुमशुदगी रिपोर्ट Station House officer cyber Crime Police Station Rajasthan LR No. 2574973/2025 को दिनांक 27.01.2025 को दर्ज करवाई जा चुकी है। यह कि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध मे यदि किसी भी शक्स, नाते रिश्तेदार, बैंक, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, वित्तीय संस्थान को इस सम्पत्ति के टाईटल, स्वामित्व सम्बन्ध मे किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सुचना के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मय दस्तावेज मुझसे सम्पर्क करे अन्यथा वाद गुजरने मयाद किसी भी शक्स की आपत्ति आयी तो वह मेरे व्यवहारी के मुकाबले बेजां, बेअसर व शुन्य समझी जावेगी।

दिनांक-27.01.2025
मो. न. -7737556500

वास्ते- गिरिराज सोनी एण्ड एसोसिएटस
गिरिराज सोनी एडवोकेट, ऑफिस नम्बर- 327-328, द्वितीय मंजिल,एस.एम. लोढा कॉम्पलेक्स, कोर्ट चौराहा, उदयपुर(राज.)

**सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**

अज अदालत :- श्रीमान सहायक कलेक्टर महोदयजी, जसवन्तपुरा जिला जालोर
ब-इजलस - श्री रामलाल मीना, R.AS
मुदई उम्मेदसिंह वगैरा बनाम स्व. अचला के कायम वगैरा
दावा बाबत विभाजन डिविजन ऑफ होल्डिंग एवं जुदागाना कब्जा एवं स्थाई निषेधाज्ञा
राजस्व वाद संख्या 42 सन 2024

बनाम :-
मुसम्मी अप्रार्थी देवाराम पुत्र अचला, स्व. सोना पुत्र अचला के कायम मुकाम, आम्बाराम, शंकरराम पुत्रगण सोनाराम, स्व. चमना पुत्र अचना के कायम मुकाम, दरगाराम पुत्र चमना, कमलादेवी पुत्री उका, गवरी पत्नी उका, गोपाराम पत्नी उका, गोपाराम पुत्र उका, स्व. भगवाना पुत्र लाल के कायम मुकाम जगाराम पुत्र भगवाना, स्व. चुनाराम पुत्र भगवाना के कायम मुकाम कालुराम, सवाराम, बिजला पुत्रगण चुनाराम, स्व. कूपाराम पुत्र भगवाना के कायम मुकाम सुरेश, कैलाश, संजय, घतराराम पुत्रगण, कूपाराम, राजुराम पुत्र उका, हंजादेवी पुत्री उका जातियान बागरी निवासीगण मोदरा, अशोक पुत्र मोकिया, कमला पुत्री मोकिया, दिनेश पुत्र मोकिया. दीपाराम पुत्र मोकिया, शांतिदेवी पुत्री वागीया, सोनीदेवी पत्नी वागीया जातियान कुम्हार निवासीगण मोदरा तहसील जसवन्तपुरा जिला जालोर, भुमिधारी तहसीलदार जसवन्तपुरा, हरगाह कि प्रार्थीगण ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् विभाजन डिविजन ऑफ होल्डिंग एवं जुदागाना कब्जा एवं स्थाई निषेधाज्ञा का यहां दायर किया है, लिहाजा आपको बजरिए इस तहरीर के प्रार्थना पत्र की जवाबदेही के लिए तारीख 20.02.2025 को दिन के 10 बजे अदालत हाजा में असालतन या मारफत ऐसे वकील को जो हालत मुकदमे के वाकिफ किया गया हो व कुल अम्र अहम मुतालिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत की जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करें। आगाह रहो कि वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो प्रार्थना पत्र आपको गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जाएगा। बसिबत मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 23-01-2025 को जारी किया गया।

गोल मोहर
आज्ञा से
रीडर
सहायक कलेक्टर
जसवंतपुरा (जालोर)

**कार्यालय नगर परिषद् जालोर (राज0)**

क्रमांक :- नपजा/भूमि नियमन /2025/6294 दिनांक- 25/1/2025

-:: आपत्ति आमंत्रण सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् क्षेत्र जालोर में निम्नानुसार धारा 69ए/ स्टीप ऑफ लैण्ड के तहत अवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद् कार्यालय को प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं आवेदकों के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. सं. | प्रकरण संख्या | आवेदक का नाम/पता | आसीस-पड़ोस चतुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गगज) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06/2025-26 | श्री हिमताराम पुत्र जेताराम प्रजापत भील बस्ती लासखाना बावडी जालोर | उत्तर – साबीर भाई का प्लोट; दक्षिण –रास्ता; पूर्व– पुनाराम/पुनाराम का मकान; पश्चिम– रास्ता | 94.88 | आवासीय |
| 2 | 08/2025-26 | श्री विरेन्दपाल सिंह पुत्र लालसिंह पुराना बस स्टैण्ड के अन्दर जालोर | उत्तर – मंजुदेवी/खेलाराम; दक्षिण –रंगरेज अहमद/अलारखा व मैनाराम सुथार; पूर्व– अंशुपालसिंह/गणपतसिंह; पश्चिम– चौक | 37.29 | व्यवसायिक |
| 3 | 09/2025-26 | श्री अंशुपालसिंह पुत्र गणपतसिंह मानपुरा कॉलोनी जालोर वनवे रोड के पास जालोर | उत्तर – विरताराम का प्लोट; दक्षिण–मैनाराम/लक्ष्मणजी मकान; पूर्व– रास्ता; पश्चिम– मंजुदेवी व विरेन्द्रपाल सिंह पुत्र लालसिंह व ओपन स्पेस | 162.92 | मिश्रित |

आयुक्त, नगर परिषद, जालोर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स हाई स्काई होम्स, ने अपना रजिस्ट्रड आफिस, पुराने पते दौलत सिंह सोढ़ा, सोढा कृषि फार्म नियर टोल प्लाजा, लुनोल-307514, तह रेवदर जिला सिरोही से बदलकर नए पते- खसरा नं 982,985, 986, आमथला, जिला सिरोही - 307510 पर शूरू कर दिया है। भागीदारी फर्म के समस्त कार्य एवं पत्राचार नए पते से ही संचालित होंगे। जन सामान्य को यह भी विदित रहे कि भागीदार लक्ष्मण पी माली पुत्र प्रभुराम जी माली निवासी मालीवास, पामेरा जिला सिरोही अपनी स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रहे हैं। एवं उनके स्थान पर रतनलाल पुत्र नवाजी, 19 फर्स्ट फ्लोर, नमलवार स्ट्रीट, साहूकार पेट, चेन्नई, फर्म में नए भागीदार के रूप में 22.01.2025 से जुड़ रहे हैं। उक्तभागीदारी को लेकर यदि किसी को कोई आक्षेप है तो सूचना प्रशासन के 07 दिवस के भीतर रजिस्टरार आफ फर्म्स, सिरोही कार्यालय में प्रस्तुत होकर आक्षेप दर्ज करवाएं।

**मैसर्स हाई स्काई होम्स**

**सार्वजनिक सूचना**

अधीशा फॉस्फेट लिमिटेड
(सीआईएन : U74950RJ1995PLC009713)
(पंजीकृत कार्यालय : एफ – २३४, रोड नं. १८, एमआईए, उदयपुर, राजस्थान –३१३००१, भारत)
उदयपुर पॉली सॅक्स लि. का नाम
अधीशा फॉस्फेट लिमिटेड
में परिवर्तित करने के मामले में

सूचित किया जाता है कि, उदयपुर पॉली सॅक्स लि. जो मूलतः कंपनी कानून, १९५६ के तहत दि.२१.०३.१९९५ को उदयपुर पॉली सॅक्स लि. के नाम से संस्थापित की गई थी उनका नाम परिवर्तित करके अधीशा फॉस्फेट लिमिटेड किया गया है। कंपनी कानून, २०१३ के अनुच्छेद १३ के तहत निदेशक मंडल की मंजुरी और सदस्यों द्वारा आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त किए गए थे और वे रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज् (आरओसी) जयपूर के पास दाखील किए गए थे। आगे, कंपनी कानून (संस्थापन) नियम, २०१४ के नियम २९ के तहत सूचित किया जा रहा है कि, कंपनी ने नाम परिवर्तन के सबूत के तौर पर, आरओसी द्वारा फॉर्म आईएनसी २५ में नाम परिवर्तन से संबंधित संस्थापन का नया प्रमाणपत्र जारी किया है।

सभी हिस्सेदार कृपया उपरी सूचना को ध्यान में रखें।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
अधीशा फॉस्फेट लिमिटेड
एफ – २३४, रोड नं. १८, एमआईए, उदयपुर,
राजस्थान – ३१३००१, भारत.
दि. : २८.०१.२०२५

राजस्थान सरकार
**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, जालोर**
प्लॉट नं. 123/124 3 फेज रीको इण्डस्ट्रीयल ऐरिया जालोर

क्रमांक:-ख.अ. / जालोर / एम.एल./ 64 / 1991 / नामान्तरण/ विज्ञप्ति/2025/ दिनांक-23.01.2025

:-विज्ञप्ति:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खनि अभियन्ता जालोर के क्षेत्राधिकार में खनन पट्टा खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम रतनपुरा तहसील आहोर जिला जालोर में एम.एल. नम्बर 64/1991 श्री अनाराम पुत्र श्री गोरधन राम जाति गुर्जर निवासी गुर्जरों की ढाणी आंगुन्ता तहसील डीडवाना जिला डीडवाना-कुचामन के पक्ष में स्वीकृत होकर प्रभावी था। जिसकी अवधि 25.02.1992 से 50 वर्ष के लिए धारित है। चुंकी श्री अनाराम का स्वर्गवास दिनांक 11.04.2024 को हो चुका है। जिसकी सूचना विभाग को दिनांक 23.10.2024 को दी गई। साथ ही विधिक वारिसान श्री रामनारायण गुर्जर पुत्र श्री अनाराम जाति गुर्जर निवासी आंगुन्ता तहसील डीडवाना जिला डीडवाना-कुचामन द्वारा उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण अपने स्वंय के नाम करने हेतु ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 2024400001045 दिनांक 23.10.2024 किया गया है। श्रीमति भोली देवी पत्नी अनाराम जाति गुर्जर निवासी गुर्जरों की ढाणी आंगुन्ता तहसील डीडवाना जिला डिडवाना-कुचामन द्वारा उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण विधिक वारिसान श्री रामनारायण गुर्जर पुत्र श्री अनाराम जाति गुर्जर निवासी आंगुन्ता तहसील डीडवाना जिला डीडवाना-कुचामन के पक्ष में करने हेतु नोटेरी से प्रमाणित 50 रुपये का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। उत्तराधिकारी को रजिस्ट्रार आगुन्ता डीडवाना द्वारा दिनांक 18.09.2024 को उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। स्वः श्री अनाराम के पत्नी श्रीमति भोली देवी, पुत्री मांगीदेवी, मधुदेवी, सरोज देवी द्वारा उक्त खनन नामान्तरण श्री रामनारायण पुत्र स्व. श्री अनाराम के पक्ष में करने के संबंध में कोई आपत्ति नही होने के संबंध में 100-100 रुपये के सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया। अतः जरिये इस विज्ञप्ति के यह सूचित किया जाता है कि मृतक के नाम खनन के सम्बंध में यदि किसी विधिवत वारिसान कोई है, तो वह अपने उत्तराधिकारी होने का आवश्यक सबूत मय दस्तावेज के इस विज्ञप्ति प्रकाशन तिथि को छोड़कर 15 दिवस के भीतर कार्यालय खनि अभियन्ता जालोर में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्रस्तुत किये गये ऐतराज मान्य नही होने से कोई कार्यवाही नही की जावेगी। सो सूचित रहे।

(नरेन्द्र खटीक) खनि अभियन्ता जालोर

# वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर परिवार की ओर से महाकुंभ संगम 2025 वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बसंत कुमार वेदमूथा, अशोक राठी, दर्शन शर्मा, राजेंद्र प्रसाद व डॉ श्रवणकुमार मोदी की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओ द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें धरती वीरा री, सीताराम, तिरंगा शान अपनी, सूरज पर हम करे सवारी व धरती धोरा री सहित भिन्न-भिन्न नृत्य सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस दौरान नाटक व पिरामिड के साथ ही शारीरिक प्रदर्शन किया गया। सूर्यास्त के साथ ही ध्वज अवतरण बिगुल के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्या मंदिर की इकाइयों के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय




वृत, वर्ष भर के शैक्षिक व सह शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले भैया बहनों का को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डॉ श्रवणकुमारी मोदी द्वारा भारत व भारत की संस्कृति, उसके मूल्य के बारे में जानकारी दी। अधिवक्ता बालुराम चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्र म के अंत में घोष प्रदर्शन व भारत माता पूजन किया गया। इस अवसर पर अजय गुप्ता, नरेंद्र आचार्य, नारायण जांगिड़, प्रताप पुरोहित, हरीश सुथार, दलपतसिंह, सुरेश पारीक, नरेंद्रसिंह, अमित व्यास, उर्मिला खंडेलवाल, प्रमोद दवे, रंजन, हनुमान दवे, नीमा आचार्य, मुकेश जीनगर, श्रवण सोनगरा सहित बड़ी सं2या में विद्यालय परिवार के लोग मौजूद थे।

## वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**रामसीन।** निदेशक शिक्षा विभाग बीकानेर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जसवंतपुरा के आदेशानुसार राउप्रावि भूतवास में वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि कल्याणसिंह देवड़ा रायपुरिया, अध्यक्षता पीइइओ थनाराम प्रजापत, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. दीपककुमार सिसोदिया, प्रधानाध्यापक हिन्दुराम, भंवरसिंह, एसएमसी अध्यक्ष बगाराम, समाजसेविका अंजना भट्ट, चन्दनसिंह, दौलतसिंह, चन्दुलाल, भरत हिरागर खेड़ा, वरिष्ठ अध्यापक भबूताराम, किशन सोलंकी एवं रणछोड़ाराम उपस्थित थे। इस अवसर पर भामाशाहों व अतिथियों का माला, साफा व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्थाप्रधान सोहनलाल टेलर ने बताया कि विद्यालय के बालक-बालिकाओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यं मों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन करते हुए अतिथियों, भामाशाहों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन पदमसिंह परमार ने किया।



# सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** मुख्य बस स्टैंड से लेकर कलापुरा तिराहे तक पिछले लंबे समय से बदहाल पड़ी सड़क मार्ग का अब पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल के सार्थक प्रयास से नई सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिससे दुकानदारों व वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल का स्थानीय व्यापारियों ने पंचायत समिति कार्यालय परिसर में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान देवल ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य में कोई कमी आने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार गठन के बाद पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से कर एक वर्ष में ही भजनलाल सरकार ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में रानीवाड़ा विधानसभा के जसवंतपुरा से गजापुरा, जसवंतपुरा से कलापुरा, कलापुरा से विकणवास तक संपर्क सड़क जो पिछले कई वर्षों से जर्जर पड़ी हुई थी। जिसका निर्माण कर आमजन को राहत पहुंचाई। ६ इस दौरान समाजसेवी धर्मेन्द्र धवल व मुकेश प्रजापत ने देवल का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, समाज सेवी मोडाराम प्रजापत, जसवंत भाई प्रजापत, तिलोकचंद सुथार, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश पुरोहित, भगवान सिंह चेकला, यासीन मोहम्मद, रामसिंह धरुपड़ा, गजेन्द्र सिंह जाविया, अनिल राठी, ईश्वर सैन, महेन्द्र प्रजापत, कुलदीप सिंह, रमेश माहेश्वरी गोलाणा, विष्णु जीनगर, जालम सिंह, नरेश वैष्णव, रामसिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।



# गणतंत्र दिवस : सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुतियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** गणतंत्र दिवस मुख्य उपखंड स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ने परेड की सलामी लेकर ध्वाजारोहण किया। वहीं कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, नगर परिषद सभापति नरेश सेठ, प्रधानाचार्य लाडूराम बिश्नोई ने बतौर अतिथि रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार जन कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिसका उददेश्य अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर उसका लाभ देना है। सरकार ने पिछले एक साल में विकास के लिए कई अलग- अलग क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य किया है। जिससे विकास की गति लगातार आगे बढ रही है, समाज कल्याण, कृषि, रोजगार को लेकर बड़े स्तर पर अभियान चलाकर अमली जामा पहनाया जा रहा है। इस दौरान अलग- अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शहर के गायत्री विद्या मंदिर में नारायणलाल सुथार व राजूराम विश्नोई, भगवान महावीर कॉलेज में जोगसिंह पंवार, विवेक विद्या मंदिर में बीरबल बिश्नोई, ग्लोबल कॉलेज डेडवा में सुरेन्द्र विश्नोई, ऑक्स्पोर्ड में भागीरथ बिश्नोई, आलोक बाल सदन में सुखराम खोखर, हरिओम स्कूल में राजेन्द्र पुरोहित, महेश विद्या मंदिर में सुरेश माहेश्वरी, बालिका उच्च माध्यमिक में रामेश्वरी विश्नोई ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया।



**रानीवाड़ा।** गणतंत्र दिवस पर राजकीय खेल मैदान में उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार एंव तहसीलदार हनवन्तसिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान कार्यक्रम में राजकीय विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एंव देशभक्ति गीतों पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल एंव स्थानीय विधायक रतन देवासी ने पहुंचकर रानीवाडा क्षैत्र मे सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एंव भामाशाहों सहित छात्रों को प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इन्दा, सीबीइओ गजेन्द्रकुमार देवासी, थानाधिकारी दीपसिंह चौहान, पूर्व सरपंच रिडमलसिंह डाभी, बीसीएमओ गणपतलाल, प्रधानाचार्य किशनाराम, पार्षद फौजसिंह डाभी, भाणाराम बोहरा सहित सभी लोग मौजूद थे।




**मांडोली।** महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने ग्राम वासियों का मन मोह लिया विद्यालय में भामाशाह ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मिष्ठान व्यवस्था रतनाराम देवासी ने की। बच्चों के इनाम की व्यव-स्था छोगाराम दलाजी चौधरी की तरफ से की गई। विद्यालय में भामाशाह के रूप में शंभूसिंह, खीमसिंह की तरफ से 20 टेबल स्टूल सेट सहित विभिन्न भामाशाहों ने अपने अपने स्तर पर घोषणा की।

## नानजीराम बने सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष

**सांचौर।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर नानजीराम गहलोत को मनोनीत किया गया है। प्रदेश महामत्री भवानी शंकर माली ने नियुक्ति पत्र जारी कर बताया कि समाज व संगठन के प्रति कर्त्यव्यनिष्ठा व सिं' यता की बदौलत यह नियुक्ति की गई है। समाज के हित के लिए जल्द की कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए है। गहलोत की नियुक्ति से माली सैनी समाज के युवाओं ने खुशी जताई है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

**सांचौर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर परिषद आयुक्त त्रिकम दान चारण के निर्देशानुसार सोमवार को नगर परिषद टीम के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। सफाई निरीक्षक विजय पुरोहित के नेतृत्व में 26 किलो पॉलिथीन जब्त की गई,। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन अभियंना कृष्ण देवासी, जमादार उत्तम सिंह जमादार चौथाराम ,राजू, पुखराज आदि उपस्थित थे।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** सुंदरकांड मंडल की ओर से रामचरितमानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन शनिवार को रानीवाड़ा निवासी जोरसिंह सोलंकी के कृषि फार्म हाउस पर किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड मंडल के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताते चले कि विश्व कल्याण की भावना से सुंदरकांड मंडल रानीवाड़ा द्वारा 1986 से मुख्य वक्ता ताराचंद भारद्वाज के सानिध्य में रानीवाड़ा सहित आस-पास के गांवों एवं कस्बों में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सुंदरकांड के संगीतमय



पाठ का आयोजन निशुल्क किया जाता है। इस दौरान पाठ वाचक उमराव सिंह जोधा ने बताया कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। वहीं रघुवीर सिंह सोलंकी ने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। नंदकिशोर जोशी ने बताया कि सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इस अवसर पर आसु सिंह, रमेश माहेश्वरी,गणपत सिंह,जबर सिंह,कैलाश महेश्वरी,लक्ष्मण सिंह देवातडा,दीपक माहेश्वरी, बंसीलाल जोशी, उदाराम, राम सिंह, सरदार सिंह, गटाराम, भारथाराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# परोपकार से बढता है पुण्य : वाघेला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** गायत्री विद्यापीठ में मदर कृष्णा चेरिटेबल ट्रस्ट अहमदाबाद के चेयरमैन रमेश भाई वाघेला ने जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। इस दौरान वाघेला ने कहा कि परोपकार से पुण्य बढ़ता हैं इस उद्देश्य को लेकर हमारी संस्था प्रति शनि व रविवार को अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल में मरीज और उनके साथ रहने वाले करीबन पांच सौ व्यक्तियों को भोजन कराया जाता हैं। गुजरात सहित राजस्थान के जरूरतमंद लोगों की हर तरह की सुविधाओं के मद्देनजर हम निष्ठापूर्वक कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं। समाजसेवी मोतीलाल सोलंकी ने कहा कि महाकवि तुलसीदास ने रामचरित मानस में अपनी एक चौपाई में उगेख किया है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई की तर्ज पर हमसब में प्राणी मात्र के प्रति सेवा का भाव रखना चाहिए। जिस तरह वृक्ष अपना फल स्वयं नहीं खाते व नदी अपना जल स्वयं नहीं पीती। वह सब दूसरों के उपयोग के लिए हैं। उसी तरह हमें भी बिना स्वार्थ के



जनहित के कार्य करने चाहिए। महेश व्यास ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कारित करने के प्रति अभिभावकों और शिक्षकों को गंभीरता पूर्वक ध्यान देना चाहिए। संस्कारित व्यक्ति ही देश और समाज को सही दशा और दिशा में ले जा सकेगा। इस अवसर पर हरिकृष्ण द्विवेदी, अर्जुनसिंह राव, हरचंदराम देवासी, वैभव कुमार दवे, श्रवण देवासी, आरजू जैन, स्वीटी अग्रवाल, सीमा पाण्डेय व अशोक विश्नोई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# यज्ञ का आयोजन, आहुतियां दी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ की ओर से घर-घर यज्ञ अभियान के माध्यम से समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना के लिए स्थानीय आथमना रबारियों के मौहल्ले में यज्ञ का आयोजन हुआ। सदस्य शोभापुरी गोस्वामी ने बताया कि यज्ञ में मोहनलाल सेन सपत्नीक मुख्य यजमान बने और उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों व बस्ती के बंधुजनों ने बैठ यज्ञ में भाग लिया। यज्ञ की समाप्ति होने पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीड़ी व गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने के लिए प्राचीन परंपरा के गुरुकुलों के निर्माण को लेकर भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य के लिए ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान शंकरलाल गहलोत एवं अक्षय बंजारा ने किया। इस अवसर पर सांकलाराम सेन, किशनलाल वैष्णव, भेरूसिंह पुरोहित, राणमल दर्जी, नारायणलाल सेन, नरपतसिंह आर्य, बाबूलाल जीनगर, शोभापुरी गोस्वामी, मोहनलाल सेन, गजाराम मेघवाल, शंकरलाल गहलोत, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, वालाराम मौर्य, मूलाराम दर्जी, अर्जुन बंजारा, पवन दर्जी, रमेश राणा, मोहनलाल आंजना, राहुल जीनगर, राहुल बंजारा, अक्षय बंजारा, रोहित मेघवाल व रवि बंजारा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यज्ञ का संपादन राव विक्रमसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

# पुलिस अधीक्षक ने ली सीएलजी बैठक, पौधारोपण भी किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के थाने में सीएलजी बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का उपयोग कर दुघर्टना से बचा जा सकता है। साथ ही ही साइबर क्राइम के बचाव के उपाय बताए। उसके बाद थाना के बाहर 50 छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर थानाधिकारी तेजुसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष छगनलाल भाटी, खुशवीरसिंह परमार चांदुर, शंकरसिंह राठौड़, डायालाल लुहार, तातोल सरपंच पांचाराम चौधरी, विजयकुमार बुगांव, धुड़सिंह मांडोली, मंगलाराम पुरोहित, जयंतिलाल तवाव, धनसिंह, श्रवण, विजय टेलर, धीरज लुहार, आशाराम देवासी, ललीत चौधरी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# विद्यार्थियों में स्कूल बैग व अन्य सामग्री वितरित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय कोटड़ा में भामाशाह अरविन्द गिरी पुत्र आसू गिरी, विक्रम गिरी पुत्र सरदार गिरी, कल्पेश गिरी पुत्र प्रताप गिरी की ओर से राजकीय विद्यालय के कक्षा 1 से लेकर आठवीं तक के बच्चों को शूज, टाई बेल्ट, जोमेट्री बॉक्स, बुक, स्कूल बेग वितरित किए। मिष्ठान के भामाशाह आलाराम चौधरी एंव अर्जुन गिरी पुत्र संतोष गिरी ने स्कूल में प्रिंटर देने की घोषणा की। इस मौके पर सरपंच छतरसिंह पुरण, हैड मास्टर ओम प्रकाश विश्नोई, सुनील कुमार, जगदीश, देवेंद्रकुमार, गोवाराम, अजयकुमार, ओखीदेवी, रमिला मीणा, लीला गुर्जर और वार्ड पंच निर्मल कुमार चौधरी मौजूद थे।

# एडीएम को सौंपा ज्ञापन, बोले सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण से यातायात बाधित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** बढ़ते व्यापार मेलों और अस्थाई दुकानों के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी सुनील कुमार एवं नगरपालिका इओ को ज्ञापन सौंपा। कार्यवाही कर मेला पर रोक लगाने की मांग की है। बता दे कि रानीवाड़ा में रेडिमेड वस्त्र, मणियारी व फूट वेयर का बहुत बड़ा बाजार है, जिसमें रानीवाड़ा उपखण्ड व जसवन्तपुरा उपखण्ड के क्षेत्रवासी आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए रानीवाड़ा के व्यापारियों में विश्वास होने से वरियता से आते है, लेकिन गत कुछ वर्षों से व्यापार मेलों, अस्थाई बाजार व दुकानों की अनुमति दी



जा रही है। जो विधि विरूद्ध है, क्योंकि इन व्यापार मेलों व अस्थाई बाजारों की अनुमति सार्वजनिक स्थानों, सड़कों पर, खेल मैदानों, नाड़ी में दी जा रही है। व्यापार संघ के अध्यक्ष छैलसिंह सोलंकी ने बताया कि उक्त अस्थाई व्यापार मेले व अस्थाई दुकानें लगने से शहर की पूरी यातायात व्यवस्था बाधित होती है तथा यह मेले वाले तथा अस्थाई दुकानों वाले शहर में मेला या दुकान का काम समाप्त होने के बाद बहुत सारा कचरा मौके पर छोड़कर जाते है तथा अस्थाई दुकानों के नाम पर जो टेन्ट व तम्बू लगाते है, उस जगह की सार्वजनिक सड़कों व सार्वजनिक उपयोग की जमीन को खुदाई कर अनुपयोगी बना देते है। व्यापारी रमेशकुमार ने बताया कि अस्थाई मेलों व दुकानों वाले लोग बिना पहचान के रहने के कारण कई अवैध गतिविधियों की पूरी संभावना रहती है, जिनके कारण शहर में आपराधिक गतिविधियां लूट व चोरियों के अपराध भी बढ़ रहे है। यह लोग व्यापार मेलों के नाम घरेलू उद्योग, हस्तशिल्प उद्योग के काम को बढ़ावा देने के नाम पर अस्थाई अनुमति लेते है और उस व्यापार मेलों व दुकानों में घटिया सामग्री घरेलू उद्योग व हस्तशिल्प के नाम बेचान कर आमजन के साथ धोखाधड़ी कर रहे है, क्योंकि इन दुकानों के न तो पहचान का कोई बोर्ड होता है न ही कोई सम्पर्क नम्बर होते है। सभी दुकानें बिना पहचान के लगाते है तथा इन दुकानों में भारी मात्रा में क्रय, वि' य के माल में कोई जीएसटी, सरकारी राशि, सेल टेक्स अदा नहीं किया जाता है तथा करोड़ों का सामान स्टॉक में रखते है, जिसका इनके पास कोई रिकॉर्ड नहीं होता है, जिससे यह पूरी संभावना होती है कि अस्थाई व्यापार मेलें व दुकान वालों के पास सामान चोरी व लूट का हो सकता है, उसके कारण खरीद करने वाला व्यक्ति भी आपराधिक कार्यवाही का शिकार होता है। व्यापार मेला लगाने वालों का कोई भौतिक सत्यापन या आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन नहीं होता है। उक्त अवैध व्यापार मेलों व अस्थाई व्यापार मेलों में बिकने वाली घटिया सामग्री, अवधिपार सामग्री के कारण रानीवाडा बाजार की साख प्रभावित हो रही।

## जिलेभर में दिखा उत्साह, जगह-जगह हुए कई आयोजन

# उत्साह, उमंग के बीच ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

- उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रतिभाओं को किया सम्मानित
- रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ झांकियां रही आकर्षण का केंद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिलेभर में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस गरिमा पूर्ण माहौल में उत्साह व उमंग के बीच मनाया गया। इस दौरान सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में कई आयोजन हुए। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित मुख्य समारोहों में मुख्य अतिथि की ओर से ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली गई। विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित कर हौंसला आफजाही की गई। विद्यार्थियों की ओर से व्यायाम प्रदर्शन के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।जिला मुख्यालय पर रविवार को बांगड़ स्टेडियम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली।








मार्च पास्ट में आरएसी, पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट रोवर-रेंजर्स व गाइड सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की भागीदारी रही। उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले मंत्री कुमावत ने शहीद स्मारक पहुंच कर पुष्पच' अर्पित किया। इस दौरान जिला कलक्टर एलएन मंत्री सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। गणतंत्र दिवस समारोह सुबह 9 बजे प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि जोराराम कुमावत ने पूर्ण सम्मान के साथ ध्वजारोहण किया। पुलिस बैंड पर राष्ट्रगान की धुन के साथ देश की आन बान और शान के प्रतीक तिरंगे ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात आरएसी, पुलिस, होमगार्ड और गाइड टुकडियों ने मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि ने मार्चपास्ट की सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ बजरंगसिह ने राज्यपाल के संदेश का वाचन किया।

### देश की एकता व अखंडता हम सभी का दायित्व : कुमावत

मंत्री कुमावत ने कहा कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना हम सब का दायित्व है। आज ही के दिन भारत गणतंत्र बना और संविधान का शासन लागू हुआ। उन्होंने देशभक्ति के उच्च आदर्श का पालन करने को प्रेरित किया। आजादी में योगदान देने वाले महापुरूषों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य में मुख्यमंत्री की ओर से जनहित के किए गए निर्णयों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के कल्याण को प्रतिबद्ध है।

### उत्कृष्ट सेवाओं पर मिला सम्मान

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने पर समाजसेवी, खेल, शिक्षा, राजकीय दायित्व निर्वहन आदि क्षेत्रों में 70 लोगों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। साथ ही 6 आशा सहयोगिनी, 5 स्वतंत्रता सैनानी, एक युद्ध वीरांगना का सम्मान किया गया। मुख्य अथिति कुमावत, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने शहीद की वीरांगना व स्वतंत्रता सैनानी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

### झाकियों से प्रदर्शित की योजनाओं की महत्ता

समारोह में विभिन्न विभागों की ओर से झांकियों का प्रदर्शन हुआ और विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया। कृषि विभाग, वन विभाग, महिला अधिकारिता, आजीविका मिशन, चिकित्सा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, नगरनिगम , शिक्षा विभाग, यातायात आदि विभागों ने झांकियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित किया। साथ ही विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा व्यायाम, सांस्कृतिक कार्य' म व परेड आदि की प्रस्तुति दी गई।

### यह भी रहे मौजूद

जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंगसिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भवानीसिंह, सीइओ मुकेश चौधरी, यूआइटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, पाली प्रधान मोहनी पटेल, रेखा भाटी, राकेश भाटी, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, तिलोक चौधरी, सुनील भंडारी भी मौजूद थे। मंच संचालन रितेश राणावत, विनीता अरोड़ा, भरत रामावत, श्रद्धा पांचाल, रामदयाल जांगिड ने किया। सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी का सहयोग रहा।



**देसूरी।** कस्बे सहित समूच उपखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह व उमंग के बीच ध्वजारोहण के साथ मनाया गया। स्कूलों में संस्था प्रधानों एवं अतिथियों की ओर से ध्वजारोहण किया गया। पुलिस थाने में थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित ने झंडारोहण किया। इसी तरह उपखंड कार्यलय, तहसील कार्यालय, न्यायालय सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में संबंधित अधिकारी की ओर से ध्वजारोहण किया गया। पंचायत समिति में प्रधान संगीता राजपुरोहित, विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी की ओर से झंडारोहण किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रशासक केसाराम भील, ग्राम विकास अधिकारी घीसाराम चौधरी, जेए प्रहलादसिंह सोलंकी व सदस्य भवानीसिंह राठौड़ की ओर से झंडारोहण किया गया। विद्यालय के खेल मैदान पर मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद मार्चपास्ट किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्य' मों की प्रस्तुतियां दी गई। अपराधों की रोकथाम में महत्ती भूमिका निभाने पर उपखंड स्तरीय समारोह में कांस्टेबल रामफूल मीणा, धर्मेंद्रकुमार, प्रकाशचन्द्र को उपखंड प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इसी तरह उल्लेखनीय कार्य के लिए आना पंचायत के जेए वि' मसिंह गहलोत, समिति जेटीए जयपाल दादलिया, ओमप्रकाश मेवाड़ा, भोमसिंह राठौड़, जयपाल मीणा, बाबूदास वैष्णव, पंचायत प्रशासक केसाराम भील, सदस्य भवानीसिंह राठौड़ का मिष्ठान वितरण करने पर उपखंड अधिकारी द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।



### तिरंगे की रोशनी से सराबोर रहा प्राचीन दुर्ग

गणतंत्र दिवस के मौके पर कस्बे के राजमाता कृष्णा कुमारी कन्या छात्रावास से सटा प्राचीन दुर्ग रात में तिरंगे की रोशनी से सराबोर रहते हुए हर किसी के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा। प्राचीन दुर्ग के चारों ओर बड़ी बड़ी लाइटें लगा गई जो शाम ढलते ही गोल्डन कलर बिखेरती नजर आई। रंग बिरंगी से रोशनी से सराबोर दुर्ग को लोगों ने जमकर अपने कैमरे में कैद किया। इस दुर्ग पर पेंथर भी मौजूद है। सचिव फारुख अहमद खान इंचार्ज, सुमेरसिंह, धीरेन्द्रकंवर, मनीषाकंवर, करिश्माकंवर, गार्ड नाथूसिंह, प्रेमसिंह मौजूद रहे।



**नारलाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। पंचायत प्रशासक शेखर मीणा, प्रधानाचार्य रुपेशसिंह राठौड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभुदास वैष्णव ने ध्वजारोहण किया।



**खिंवाड़ा।** कस्बे सहित क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह से मनाया गया। सरकारी कार्यालयों, निजी व सरकारी विद्यालयों सहित करीब सभी जगह ध्वजारोहण किया गया। रंगारंग कार्य' म भी आयोजित किए गए। खिंवाड़ा उप तहसील प्रांगण में नायब तहसीलदार मदनसिंह राजपुरोहित व थाना परिसर में थानाधिकारी मनमंथ आढ़ा ने ध्वजारोहण किया। कस्बे का मुख्य समारोह महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रांगण में हुआ। जहां राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालाजी उच्च माध्यमिक, दयानंद उच्च प्राथमिक, आदर्श विद्या मंदिर, देव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी व विद्यालय परिवार ने शिरकत की। नायब तहसीलदार मदनसिंह राजपुरोहित, थानाधिकारी मनमंथ आढा व संस्था प्रधान घीसाराम चौधरी का आतिथ्य रहा। सामूहिक रूप से परेड, व्यायाम प्रदर्शन व रंगारंग कार्य' म की प्रस्तुति दी गई। इसी तरह आसपास गांवों में समारोह मनाया गया।

**नाडोल।** कस्बे समेत क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कस्बे में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के खेल प्रांगण में समारोह आयोजित किया गया। इससे पूर्व पंचायत भवन में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। अम्बेडकर सर्किल, ग्राम सेवा सहकारी समिति, पेंशर समाज उप शाखा नाडोल, चिकित्सालय, राबाउमा विद्यालय, आदर्श विद्या मंदिर,राउप्रावि-1, ओटीबाई चतराजी घांची राउप्रावि-2, राजहंस पब्लिक स्कूल, ग्रीन विनश पब्लिक स्कूल, आशापुरा आदर्श विद्या मंदिर, सरस्वती उप्रावि मंदिर, आगंनवाड़ी पाठशालाओं सहित सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। समारोह में विद्यालयों के संस्था प्रधान सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

**रानी।** प्रताप बाजार स्थित धर्मवीर मैदान पर उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। इस मौके पर नगर पालिका अधिकारी सुदर्शन जागु की अनुशंसा पर उल्लेखनीय कार्य के लिए अनपुर्णा रसोई के संचालक प्रकाश खारवाल पिचियाक, शाकम्भरी मां सेवा समिति रानी को उपखंड स्तर पर विधायक केसाराम चौधरी, पालिकाध्यक्ष भरत राठौड़, डालचंद मेवाडा व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## आमजन को मिलेगा त्वरित लाभ : प्रभारी मंत्री खर्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिले के प्रभारी व स्वायत्त शासन मंत्री मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने सोमवार को सोजत में वाचनालय और ट्रॉमा सेंटर का उदघाटन किया। खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के कल्याण व हितों के लिए प्रतिबद्ध है। वाचनालय से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा साथ ही ट्रॉमा सेंटर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं क्षेत्रवासियों को प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मिलकर प्रदेश का विकास कर रही है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे ने क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देने के साथ विचार व्यक्त किए। सोजत विधायक शोभा चौहान ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम कोई कमी नहीं रखेंगे व क्षेत्र के लिए विकास कार्य जारी रहेंगे। इससे पहले अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंजू निकुम्भ, प्रधान धोबलीदेवी, पूर्व उपसभापति पाली मूलसिंह, उपखंड अधिकारी मासिंगाराम जांगिड़, सोजत तहसीलदार डॉ दिलीपसिंह, सीएमएचओ विकास मारवाल, सोजत विकास अधिकारी सुरेश कविया, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मंशाराम परमार, सुनील भंडारी व समाजसेवी श्यामकुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। पीएमओ राजेश गुप्ता ने आभार जताया। मंच संचालन प्रफुल्ल ओझा ने किया।

## दुर्घटना में तीन घायल

**पाली।** फोरलेन के रोहट के पास कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार अकेली निवासी रामचंद्र उसकी पत्नी लीला एवं पुत्र ललित के साथ बाइक पर सवार होकर खालड़ा गांव शोकसभा में सम्मिलित होने जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर घायल हो गए। घायलों को बांगड़ अस्पताल पहुंचा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रैफर कर दिया गया।

## हैफा हीरो मेजर शेखावत को अर्पित की पुष्पांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** रावणा राजपूत छात्रावास भवन में विद्यार्थियों द्वारा रावणा राजपूत समाज के हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत के जन्मदिन पर उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। छात्रावास व्यवस्थापक सुखसिंह खंगारोत ने हैफा हीरो के शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला। भाजपा बेड़ा मंडल अध्यक्ष श्रवणसिंह वरावल, यशपालसिंह मांगलिया, लक्ष्मणसिंह चौहान, वि' मसिंह देवड़ा, अशोकसिंह पवार, जितेंद्रसिंह सहित छात्र उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक बैठक अध्यक्ष मोहम्मद अयूब जई की अध्यक्षता में समिति के सभागार में आयोजित की गई। नई कार्यकारिणी के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष की योजना के कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किया गया। मिश्रीमल सोनी का आकाशवाणी केंद्र जोधपुर में दी वार्ता पर सम्मान किया गया। सचिव मूलसिंह राजपुरोहित, अजयपालसिंह जोधा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल विश्वकर्मा, उदयसिंह, मदनलाल मारु, आजाद सम्मा, भंवरलाल मारू, अर्जुनसिंह सोलंकी, थानसिंह, तेजाराम चौधरी सहित सदस्य मौजूद रहे।

## पत्रकार भावेश जोधावत को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करने पर कस्बे के पत्रकार भावेश जोधावत को गणतंत्र दिवस पर उपखंड अधिकारी विवेक व्यास की ओर से देसूरी उपखंड स्तर पर सम्मानित किया गया।

जोधावत ने पिछले 16 वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर जनहित व सामजिक सरोकार वाली खबरों से अपनी अलग पहचान बनाई है। कस्बे की कई मूलभूत समस्याओं को खबरों के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचा कर जनता को राहत प्रदान करवाने का कार्य किया है। इस उपलब्धि पर पत्रकार प्रमोदपाल सिंह, खेताराम जाट, प्रहलादसिंह, हिंगलाजदान, मुकेश जैसानी, ललित कंडारा, नरपत रावल, दिनेश आदिवाल, रमजान खां व जन प्रतिनिधियों ने जोधावत को बधाई दी।



## भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** धर्म जागरण के तत्वावधान में कस्बे में भारत माता पूजन किया गया। धर्म जागरण समन्वय बाली खंड सयोजक विनोद शर्मा के अनुसार 31 जनवरी तक गांव-गांव राष्ट्र जागरण को भारत माता पूजन कार्यक्रम किए जा रहे है। इसके तहत कस्बे के रंजन सराय पर कार्यक्रम हुआ।

# दिव्याराज मेघवाल की मौत पर उठे सवाल, सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** जयपुर के प्रतिष्ठित मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआइटी) में अध्ययनरत नारलाई की छात्रा दिव्याराज मेघवाल की संदिग्ध परिस्थतियों में हुई मौत ने क्षेत्र में गहरा शोक और आमजन में रोष व्याप्त हो गया।

इसे लेकर सर्व समाज की ओर से सोमवार को देसूरी तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के मुताबिक दिव्याराज की 19 जनवरी 2025 की रात हॉस्टल की छठी मंजिल से गिरने के कारण मौत होने की बात कही जा रही है, लेकिन परिजनों को इस मामले में संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई। देसूरी एसडीएम कार्यालय पर एकत्र सर्व समाज और मेघवाल समाज के लोगों ने दिव्याराज की मौत के मामले में सवाल उठाए और निष्पक्ष जांच व न्याय की मांग की। इस दौरान पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोदपालसिंह, मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र लोंगेशा, भाजपा जिला महामंत्री एवं सरपंच घीसुलाल मेघवाल, ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान संगठन महासचिव अमरसिंह पंवार, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिसरूखान पठान, रावणा राजपूत समाज के भीमसिंह सिसोदिया, शिक्षक नेता अल्लारक खां पठान, बस्तीमल सोनल, नारायण लोंगेशा, आनंद परिहार, सेवानिवृत्त कार्मिक चुन्नीलाल लोंगेशा, भानाराम मोबारसा, सकाराम श्रीसेला, एडवोकेट विनोद मेघवाल, रतनकुमार, प्रेमकुमार आदि मौजूद थे। दिव्याराज के परिजनों का कहना है कि उन्हें हॉस्टल प्रशासन द्वारा कोई ठोस प्रमाण या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। परिजनों को आशंका है कि मामले की सच्चाई छिपाई जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

# विधानसभा में आयोजित युवा संसद में छात्र हिमांशु ने की शिरकत

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि को लेकर हुआ आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सुमेरपुर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वावधान में तीसरी दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद जयपुर विधासभा भवन में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कई राउंड में प्रतियोगिता के बाद फाइनल राउंड में सिर्फ 200 युवा सांसदों ने भाग लिया। इसमें बाली जिले के भाटूंद गांव हाल सुमेरपुर निवासी छात्र हिमांशु जानी पुत्र गिरीश जानी ने भी भाग लिया। 24 और 25 जनवरी को आयोजित युवा संसद में प्रथम सैशन में मुख्य अतिथि स्पीकर वासुदेव देवनानी व दूसरे सेशन में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहें। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधन हैं तो मानव जीवन है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव और धरती का अस्तिव बना रहेगा। देवनानी ने कहा कि औद्योगीकरण एवं वैज्ञानिक नवाचारों के साथ जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों से हमें प्रेम करना होगा। दूसरे सेशन में सीओपी के तहत भारत की 2050 की जलवायु प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर हिमांशु जानी ने अपने विचारों के माध्यम से राजस्थान के गौरवशाली इतिहास का जि' करते हुए राइजिंग राजस्थान में निवेशकों द्वारा नवीनीकरणीय ऊर्जा स्रोत के बढ़ावा देने के लिए गांव और सरकार के बीच समन्वय स्थापित कर विकास और पर्यावरण दोनों की महत्वपूर्ण पहलू पर सुझाव दिए। पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों के महत्व बताते हुए उन्होंने पद्मश्री से सम्मानित राजस्थान के राजसमन्द जिले के पिपलांत्री गांव के पूर्व सरपंच समाजसेवी श्यामसुंदर पालीवाल का जि' करते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। हिमांशु जानी ने 2022 में देश की राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण यूथ पार्लियामेंट का हिस्सा रहे जतिन जैन के मार्गदर्शन में इस युवा संसद में भाग किया।

## नानजीराम बने सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर नानजीराम गहलोत को मनोनीत किया गया है। प्रदेश महामत्री भवानी शंकर माली ने नियुक्ति पत्र जारी कर बताया कि समाज व संगठन के प्रति कर्त्यव्यनिष्ठा व सिं'यता की बदौलत यह नियुक्ति की गई है। समाज के हित के लिए जल्द की कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए है। गहलोत की नियुक्ति से माली सैनी समाज के युवाओं ने खुशी जताई है।

## विद्यार्थियों को स्कूल बैग व अन्य सामग्री वितरित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय कोटड़ा में भामाशाह अरविन्द गिरी पुत्र आसू गिरी, विक्रम गिरी पुत्र सरदार गिरी, कल्पेश गिरी पुत्र प्रताप गिरी की ओर से राजकीय विद्यालय के कक्षा 1 से लेकर आठवीं तक के बच्चों को शूज, टाई बेल्ट, जोमेट्री बॉक्स, बुक, स्कूल बेग वितरित किए। मिष्ठान के भामाशाह आलाराम चौधरी एंव अर्जुन गिरी पुत्र संतोष गिरी ने स्कूल में प्रिंटर देने की घोषणा की। इस मौके पर सरपंच छतरसिंह पुरण, हैड मास्टर ओम प्रकाश विश्नोई, सुनील कुमार, जगदीश, देवेंद्रकुमार, गोवाराम, अजयकुमार, ओखीदेवी, रमिला मीणा, लीला गुर्जर और वार्ड पंच निर्मल कुमार चौधरी मौजूद थे।

# बैठक में की विभागीय कार्यों की समीक्षा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बिजली, जलदाय, चिकित्सा समेत अन्य विभागों के कार्या की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही, विद्युत विभाग के अधिकारी को किसानों के कनेक्शन जारी करने, पर्याप्त बिजली देने और ट्रांसफार्मर व अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य बिजली योजना के कार्य की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने जलदाय विभाग को जिले में खुले बोरवेल को चिह्नित कर कवर्ड करवाने के निर्देश दिए। अवैध रिफलिंग व घरेलू सिलेंडर के दुरूपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने, महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी के भूमि आवंटन करवाने, चिकित्सा विभाग की निःशुल्क दवा योजना एवं आयुष्मान कार्ड योजना आदि योजनाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सांसद व विधायक कोष से हो रहे कार्यो की जानकारी लेकर बकाया कार्यो को शुरू करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक रज्जाक अली, जलदाय विभाग के कानसिंह राणावत, मुख्य आयोजना अधिकारी रामदयाल राठौड़ समेत सभी विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल ने जरूरतमंदों को बांटे भोजन के पैकेट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर शिवगंज द्वारा रविवार को जरूरतमंदो को भोजन कराया गया।

सचिव पंकज जैन ने बताया कि संस्था द्वारा 200 भोजन के पैकेट असहाय परिवारों और उनके बच्चों को वितरित किए गए। महावीर इंटरनेशनल समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करवा रहा हैं। जिससे उनके जीवन में थोड़ी राहत पहुंचे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, सदस्य मुकेशकुमार, कुलदीप कौशिक, हीरालाल पालीवाल, पंकज अग्रवाल, रजत माहेश्वरी, नरेश सांखला, स्वाति अग्रवाल, दीपक गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## मंदिर निर्माण को लेकर की चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के शीतला माता मंदिर प्रांगण में शीतला माता मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर गणमान्य सदस्यों एवं ट्रस्ट सदस्यों ने आपस में विस्तृत चर्चा की। जिसमें नगर पालिका द्वारा मंदिर के आगे बरामदे के निर्माण कार्य के साथ मंदिर के पीछे वाले भाग को भी ऊंचा शिखरबन्द मंदिर का निर्माण कार्य करवाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आगे के भाग की प्याऊ को हटाकर दूसरी जगह नई प्याऊ बनाने, साइड की दोनों दुकानों को तोड़ कर उसे भी मंदिर वाले भाग में सम्मिलित करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। आगामी बैठक में रूपरेखा तय की जाएगी। इस मौके पर शान्तिलाल देवड़ा, चतुर्भुज शर्मा, चम्पालाल छीपा, नटवर रामीना, मंछाराम, मोहनलाल माली, अभयसिंह देवड़ा, प्रभु देवड़ा, राजेश जोशी, गणेश राठौड़ सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय जंबूरी में चयन पर सीरवी सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** सेसली रोड बेरा जोईवाला निवासी हितेश सीरवी पुत्र खीमाराम का श्रीलंका स्काउट गाइड राष्ट्रीय जंबूरी के लिए चयन हुआ है। ऐसे में बाली उपखंड स्तर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शैलेन्द्रसिंह, उपखंड अधिकारी दिनेशकुमार विश्नोई, डीएसपी राजेश यादव, पालिकाध्यक्ष भरत चौधरी ने सीरवी का सम्मान किया।



## स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर : विद्यार्थियों का हेल्थ रेकर्ड तैयार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं जांच शिविर आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्य महेंद्रकुमार नानीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में उप जिला चिकित्सालय बाली की मेडिकल टीम ने सेवाएं दी। शिविर प्रभारी गरिमा चंद्रावत ने बताया कि शिविर में छात्राओं के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान प्रत्येक छात्रा का ब्लड ग्रुप, रक्तचाप (बीपी) और शुगर लेवल जांचा गया। टीम ने सभी छात्राओं का व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड भी तैयार किया, जिससे भविष्य में उनके स्वास्थ्य की निगरानी में सहायता मिलेगी। प्रधानाचार्य के अनुसार यह पहल स्कूली छात्राओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वॉल्वो टैक्स प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में द स्कॉर्पियोन टीम विजयी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर में सुमेरपुर-शिवगंज तथा आस-पास के टैक्स प्रोफेशनल, चार्टेड अकाउंटेंट तथा उनके स्टाफ एवं जीएसटी डिपार्टमेंट सुमेरपुर तथा सिरोही के अधिकारियों व स्टाफ के बीच एक दिवसीय बॉक्स ि'केट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीए मुकेश परमार ने बताया कि टूर्नामेंट में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 15 मैच खेले गए। सभी लीग मैच के बाद भरतसिंह राठौड़ की द स्कॉर्पियन एवं आशीष बोहरा की टीम जवाई पलटन फाइनल में पहुंची। रोमांचक फाइनल मुकाबले में द स्कॉर्पियोन टीम विजयी रही। मोहित अग्रवाल मैंन ऑफ द टूर्नामेंट बने। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन कमेटी के अनुसार शीघ्र ही प्रतियोगिता के तीसरे सीजन का आयोजन किया जाएगा।

# प्राचीन कुएं पर अतिक्रमण का प्रयास, लोगों में रोष व्याप्त

## पीपल का पेड़ काटा, भैरुजी की मूति तोड़कर कुएं में फेंकी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादड़ी।** कस्बे के वार्ड 32 स्थित संगरवंशी ओड माली समाज के 200 वर्ष पुराने ऐतिहासिक कुएं पर अति'मण के प्रयास का मामला सामने आया है। इसे लेकर समाजबंधुओं व आमजन में रोष व्याप्त हो गया।

समाज के अध्यक्ष ओगडराम माली ने बताया कि कुछ लोगों ने कुएं के पास स्थित पवित्र पीपल के वृक्ष को काटने का प्रयास किया और वहां स्थापित कुलदेवता भैरूजी की मूर्ति को तोड़कर कुएं में फेंक दिया गया। कुआं सुथारों का बास नाईवाड़ा के पास स्थित है। बताया जाता है इसका निर्माण एक रात में किया गया था। तब से लेकर आज तक समाज के लोग इसका उपयोग करते आ रहे हैं। समाज ने चंदा इकट्ठा कर कुएं के चारों ओर चबूतरा भी बनवा रखा जो उनकी धार्मिक आस्था का प्रतीक है। अध्यक्ष ने बताया कि कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन से कुएं को मिट्टी से भरने का प्रयास किया और पीपल के हरे वृक्ष की जड़ों को काट दिया। जैसे ही इसकी सूचना समाज के पदाधिकारियों को मिली वे मौके पर पहुंचे व नगरपालिका को सूचना देकर हो रहे कार्य को रुकवाया। इस दौरान आरोपियों ने चबूतरे को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। मामले को लेकर मांगीलाल सगरवंशी, भवरलाल, राजूराम, मदन माली, सोहनलाल माली, मांगीलाल, दिनेशकुमार, बाबूलाल माली, जितेंद्रकुमार, ओगडराम, रमेशकुमार, अशोक माली सहित समाज के कई लोग मौके पर पहुंचे। सगरवंशी माली समाज ने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी के नाम पालिकाकर्मी परबतसिंह को ज्ञापन सौंप मौका रिपोर्ट तैयार करवाकर कार्यवाही की मांग की है।



## आईमाता धर्म वेल रथ का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** गोडवाड़ में आईमाता धर्म वेल रथ के आगमन से सीरवी समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। करीब चार दिन से हर रोज लोग पूजा-अर्चना, भजन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में जुटे हुए है। लोग रथ की पूजा अर्चना कर मंगलकामनाएं कर रहे है। समाजसेवी एवं समाज के मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज के अनुसार ने बताया कि रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाओं, युवाओं द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन, मंगल गीत, कथा सहित स्थानीय गायकों द्वारा भजन कीर्तन किए जा रहे है। इस मौके पर बाबा मंडली के पूना बाबा, खेताबाबा, शंकरबाबा, जेठाराम सोलंकी, रतनलाल, राजेन्द्रसिंह पंवार, बाबूलाल परिहार बिलाड़ा धाम, समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी व जमादारी कानाराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रह। वैल रथ 29 जनवरी को बाली से विदा होकर बड़ी बीज माही बीज पर बिलाड़ा धाम पहुंचेगा।

## पुलिस ने न्यायिक विभाग की टीम को परास्त कर जीता खिताब




बार एसोसिएशन की क्रिकेट प्रतियोगिता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** राजकीय महाविद्यालय के मैदान पर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित ि'केट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पुलिस विभाग की टीम ने न्यायिक विभाग देसूरी की टीम को परास्त कर जीत हासिल कर ली। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष शैतानसिंह सोलंकी ने विजेता टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। उपविजेता रही न्यायिक विभाग देसूरी की टीम को रनर-अप ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की पूरी कार्यकारिणी और बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। कार्य'म के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की गई। यह टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि पुलिस और न्यायिक विभाग के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को भी मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ।

## राठौड़ बने आईजी विद्यापीठ जवाली के अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खौड़।** निकटवर्ती जवाली स्थित बालिका शिक्षा संस्थान आईजी विद्यापीठ जवाली के सदस्यों की आम बैठक नेमीचंद परिहार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संस्थान सचिव हीराराम गहलोत के अनुसार संस्थान की नव कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर तीन सदस्य चुनाव समिति का गठन किया गया। जिसमें गमनाराम परमार मुख्य चुनाव अधिकारी, जगाराम हॉबड प्रथम चुनाव अधिकारी तथा घीसाराम लचेटा द्वितीय चुनाव अधिकारी के रूप में शामिल किए गए। चुनाव समिति ने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संपूर्ण चुनाव प्रि'या को संपादित किया। सदस्यों की सर्वसहमति से अध्यक्ष हीरालाल राठौड़, सचिव चुन्नीलाल सोलंकी, कोषाध्यक्ष सोहनलाल परिहार, उपाध्यक्ष (पुणे) पुनाराम राठौड़, उपाध्यक्ष (मुंबई) नाथूलाल मुलेवा, उपाध्यक्ष नासिक मांगीलाल सोलंकी, उपाध्यक्ष तमिलनाडु अमराराम देवड़ा, उपाध्यक्ष राजस्थान देवाराम वरपा, सहसचिव चतराराम सोमतरा निर्विरोध निर्वाचित किए गए। निवर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष और सचिव, चुनाव समिति के तीनों अधिकारी तथा सीरवी समाज जागृति संस्था के अध्यक्ष पुखराज वरपा पदेन सदस्य घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी लचेटा ने शपथ दिलाई। निवर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष और पदाधिकारियों की ओर से नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण और साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर भूराराम सुरायता, पूर्व अध्यक्ष मोडाराम सोलंकी जवाली ,पूर्व अध्यक्ष नेनाराम होंबड, जुगराज, उदाराम, लुंबाराम गहलोत, करमाराम, मुकेश सीरवी खौड़, नेनाराम सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का किया विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादड़ी।** कस्बे में 33वें श्रीयादे माता के वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह की आमंत्रण पत्रिकाओं का विमोचन किया गया। समाज के सह मीडिया प्रभारी मांगीलाल लुणिया ने बताया कि समाज के न्याति नोहरे में सोमवार सुबह प्रजापति समाज सादड़ी, आना, मेवाड़िया चौताला की बैठक चौताला अध्यक्ष नथाराम प्रजापत जाटों का गुड़ा, सचिव कपुरचंद जलवानिया, श्रीयादेवी प्रवासी विकास मंडल मुंबई के अध्यक्ष ओगडराम मोरवाल घाणेराव, कोषाध्यक्ष मोहनलाल कपुकरा, महामंत्री फुलचंद कपुकरा, नारायणलाल, पुखराज लुणिया, किकाराम, मानाराम, प्रतापराम, अचलाराम, जीवाराम, बाबूलाल, पुखराज, कालूराम, खीमाराम, रताराम, प्रकाशकुमार, थानाराम, मनाराम, मांगीलाल, फुआराम, रामलाल, देवाराम, दुदाराम, कपुरचंद, हरीशकुमार, समाराम, वागाराम, सोहनलाल, मुकेशकुमार, लक्ष्मणराम व जीवाराम आदि के सान्निध्य में आयोजित की गई। बैठक में गांव गाांव पत्रिका वितरण को लेकर प्रभारी नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। पत्रिका के विमोचन के बाद गणपति व श्रीयादे माता की पूजा अर्चना के साथ प्रथम आराध्य सहित आराध्य देवी-देवताओं को निमंत्रण पत्र अर्पित किए गए। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रतिभाओं की चयन की प्रि'या के लिए चयन समिति बनाई गई। श्रीयादे प्रजापति युवा संगठन अध्यक्ष रमेश प्रजापत ने बताया कि 9 फरवरी को प्रजापति समाज भवन में भजन संध्या होगी। 10 फरवरी के मंदिर में ध्वजा चढाई जाएगी। मंदिर से प्रजापति समाज भवन तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर नारायणलाल, रमेश प्रजापत, प्रमोदकुमार, कैलाशकुमार, युवा संगठन अध्यक्ष रमेश प्रजापत पार्षद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक चौधरियों का दरवाजा होली चौक स्थित आशापुरा आदर्श विद्या मंदिर में हुई। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।बजरंग दल के प्रखंड संयोजक जीतू पंडित के अनुसार प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल, प्रचार सहप्रमुख नरेश बोहरा, जिला उपाध्यक्ष व प्रखंड पालक रानी लखमाराम परमार, जिला सहमंत्री रतनपुरी, प्रखंड अध्यक्ष चंपालाल, जिला सत्संग प्रमुख श्रवण महाराज, जिला सेवा प्रमुख प्रकाश गहलोत, प्रखंड मंत्री महिपाल प्रजापति, प्रखंड सह-संयोजक रोहित रामावत, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख प्रमोदपुरी गोस्वामी आदि अतिथियों द्वारा कार्य'म का शुभारंभ भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नगर अध्यक्ष लुंबाराम, उपाध्यक्ष मनोहरसिंह, मंत्री गुरुदतसिंह, सहमंत्री रामलाल, संयोजक प्रहलाद बंजारा, सह संयोजक पूरणसिंह, मातृ संयोजिका सूरज गोस्वामी, दुर्गावाहिनी संयोजिका भारती प्रजापति, सत्संग प्रमुख किशोर परमार, गौसेवा प्रमुख भरत प्रजापति, सेवा प्रमुख दिलीपसिंह, विद्यार्थी प्रमुख अजयपालसिंह, विद्यार्थी सह प्रमुख आदर्श जोशी, समरसता प्रमुख हंसाराम मारु, कार्यकाल संरक्षक सचिन चौधरी, बालोपासना प्रमुख मगराज परमार मनोनीत किए गए।